बैंकों का षड्यंत्र

{जहाँ कागज़ पर लिखा धन, असली संपत्ति छीन लेता है।}



"पूर्व प्रकाशित अध्ययन सामग्री का
पुनरीक्षण, एकीकृत एवं संक्षिप्त संस्करण
जून 2026"



लेखक ✍ ---
अप्पुन कुमार

बैंकों का षड्यंत्र

जहाँ कागज़ पर लिखा धन, असली संपत्ति छीन लेता है।

"पूर्व प्रकाशित अध्ययन सामग्री का पुनर्परीक्षण, एकीकृत एवं संक्षिप्त संस्करण"



अप्पुन कुमार

Founder & Director

Dharmdev Sah Samajik Kalyan

Sankalp Foundation

जिस व्यक्ति के पास धन है, वह कुलीन है, वह पण्डित, शास्त्रों का ज्ञाता और सभी गुणों को जानने वाला है। वह व्याख्याता और सुन्दर है, क्योंकि समस्त गुण स्वर्ण अर्थात् धन का ही आश्रय ग्रहण करते हैं ।

-------- **भर्तृहरि कृत नीतिशतकम्**

पुस्तक विवरण

शीर्षक: बैंकों का षड्यंत्र
लेखक: अप्पुन कुमार
भाषा: हिंदी
संस्करण: प्रथम संस्करण (2026)

प्रकाशन विवरण

प्रकाशक: स्व-प्रकाशित (Self Published)
प्रकाशन स्थिति: आगामी प्रकाशन (Forthcoming Publication)
ISBN: 978-93-5933-454-7

अस्वीकरण

यह पुस्तक केवल शैक्षणिक एवं जन-जागरूकता के उद्देश्य से तैयार की गई है। इसमें प्रस्तुत विचार लेखक के व्यक्तिगत अध्ययन, शोध, सार्वजनिक अभिलेखों, उपलब्ध दस्तावेजों एवं विभिन्न स्रोतों के विश्लेषण पर आधारित हैं। यह पुस्तक किसी भी प्रकार की कानूनी, वित्तीय या व्यावसायिक सलाह नहीं है।

संपर्क

ईमेल: appunk91@gmail.com

प्रस्तावना

पुस्तक लिखने की प्रेरणा

मुझे इस पुस्तक को लिखने की प्रेरणा उस क्षण मिली, जब मैंने समाज की एक कटु और असहज सच्चाई को बहुत निकट से देखा। एक ओर अरबपतियों के हज़ारों करोड़ रुपये के बैंक ऋण चुपचाप माफ कर दिए जाते हैं, और दूसरी ओर गरीब व मध्यम वर्ग के लोग मामूली कर्ज़ के बोझ तले दबकर अपना सब कुछ यहाँ तक कि जीवन भी हार बैठते हैं।

इस विडंबनापूर्ण स्थिति ने मेरे मन में एक बुनियादी प्रश्न खड़ा किया आख़िर सरकार और बैंकिंग व्यवस्था अमीरों के विशाल ऋण तो आसानी से माफ कर देती है, पर आम नागरिक के छोटे-छोटे कर्ज़ के लिए कोई राहत क्यों नहीं देती? क्या एक ही देश में दो प्रकार का न्याय चल रहा है?

भारतीय संविधान प्रत्येक नागरिक को **विधि के समक्ष समानता** का अधिकार देता है। फिर भी बैंकिंग प्रणाली में यह दोहरी नीति क्यों दिखाई देती है? यह स्थिति न केवल सामाजिक और नैतिक दृष्टि से अन्यायपूर्ण है, बल्कि संवैधानिक मूल्यों के भी प्रतिकूल प्रतीत होती है।

जब मैंने इस विषय का गहन अध्ययन करना आरंभ किया, तो यह स्पष्ट होने लगा कि यह भेदभाव केवल आर्थिक कारणों तक सीमित नहीं है। इसके पीछे एक सुनियोजित तंत्र काम कर रहा है एक ऐसा तंत्र, जिसे साधारण भाषा में **बैंकों द्वारा रचित षड्यंत्र** कहा जा सकता है।

वास्तविकता का उद्घाटन :

अध्ययन के दौरान यह तथ्य उजागर हुआ कि बैंकिंग व्यवस्था केवल धन के लेन-देन की संस्था नहीं है। यह एक जटिल और शक्तिशाली प्रणाली का हिस्सा है, जहाँ निर्णय हमेशा वही नहीं लेते जो सामने दिखाई देते हैं।

इसी छिपी हुई वास्तविकता को सामने लाने का प्रयास इस पुस्तक का उद्देश्य है। यहाँ यह समझाने की कोशिश की गई है कि “बैंक सिर्फ़ बैंक नहीं हैं, बल्कि एक ऐसी व्यवस्था का हिस्सा हैं, जो चुनिंदा वर्गों को लाभ पहुँचाने और आम जनता को कर्ज़ के जाल में फँसाए रखने का काम करती है।”

यह विचार आरंभ में जटिल और असहज लग सकता है, किंतु इस पुस्तक में इसे सरल, संक्षिप्त और सहज भाषा में प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया है, ताकि प्रत्येक पाठक इस व्यवस्था को समझ सके, उस पर प्रश्न उठा सके और आवश्यकता पड़ने पर उसके विरुद्ध खड़ा हो सके।

रुपये के वादे रुपया से भारी, पर छुपा है इनमें कर्ज़ की सवारी।
चमकती दुनिया ख्वाबों की मीत, मगर भीतर छिपा बैंकों का अतीत।।

इस पुस्तक का श्रेय और समर्पण

इस पुस्तक का श्रेय किसी भी व्यक्ति विशेष को देना उचित नहीं होगा, क्योंकि इसका उद्देश्य व्यक्तिगत उपलब्धियों का बखान करना नहीं बल्कि **सामूहिक पीड़ा और संघर्ष** को आवाज़ देना है।

यह पुस्तक उन सभी **न्यायप्रिय और जागरूक नागरिकों** को समर्पित है, जो बैंकों के षड्यंत्र और उनके असंवैधानिक कृत्यों के खिलाफ अपने स्तर पर लड़ाई लड़ रहे हैं। यह उनके संघर्ष, साहस, और दृढ़ता का सम्मान है। तथा यह पुस्तक उन सभी लोगों के संघर्ष और बलिदान समर्पित है, जो इस असंवैधानिक और अमानवीय बैंकिंग व्यवस्था के शिकार हुए हैं।

- वह किसान जिसने अपनी मेहनत और सपनों को सींचा, लेकिन बैंक के कर्ज़ के दबाव में अपनी जान गंवा दी।
- वह छोटा व्यापारी जिसने परिवार का भविष्य बेहतर बनाने का सपना देखा, पर बैंक की वसूली नीति के कारण अपनी आजीविका खो दी।
- वह आम आदमी जिसने अपने परिवार के लिए बेहतर जीवन का सपना देखा, लेकिन ब्याज के जाल में फँसकर अपने अधिकारों से वंचित रह गया।

"यह पुस्तक हर उस व्यक्ति को समर्पित है,
जिसने इस अन्याय के खिलाफ अपनी आवाज़ उठाई, और हर उस व्यक्ति
की स्मृति को समर्पित है। जिन्होंने इस व्यवस्था की भेंट चढ़कर अपनी जान गंवाई।"

इस पुस्तक में आपको क्या-क्या जानकारी मिलेगी ?

यह पुस्तक एक गंभीर और संवेदनशील विषय को छूती है, जो बैंकों और वित्तीय संस्थानों की भूमिका और उनके कामकाज से संबंधित है। यह पुस्तक उन पहलुओं को उजागर करती है, जो आमतौर पर आम जनता के सामने नहीं आते।

आजकल, आप समाचार में सुन रहे होंगे कि बहुत सी आम जनता और किसान बैंक ऋण की वजह से आत्महत्या कर रहे हैं, लेकिन वास्तविकता यह है कि बैंकिंग व्यवस्था से इन लोगों की हत्या की जा रही है, जिसे आगे इस पुस्तक में समझाने का प्रयास किया गया है।

बैंकों का प्रभाव केवल आर्थिक नहीं, बल्कि सामाजिक और व्यक्तिगत भी

लेखक का परिचय



नाम : अप्पुन कुमार
वर्तमान स्थिति : विद्यार्थी
आयु : 20 वर्ष

मेरी शोध-यात्रा फरवरी 2024 में भारत की बैंकिंग एवं मुद्रा व्यवस्था के अध्ययन से प्रारंभ हुई। अध्ययन के दौरान मैंने दिनांक **26 अप्रैल 2024** को भारतीय रिज़र्व बैंक को अपना प्रथम सूचना का अधिकार (RTI) आवेदन (आवेदन संख्या **RBIND/R/E/24/02871**) प्रस्तुत किया। इसके पश्चात बैंकिंग एवं वित्तीय व्यवस्था से संबंधित विभिन्न विषयों पर भारतीय रिज़र्व बैंक, वित्त मंत्रालय तथा अन्य सरकारी संस्थाओं के साथ निरंतर पत्राचार एवं अध्ययन किया। वर्तमान समय तक मेरे नाम से **85 RTI आवेदन** दर्ज हैं।

सितंबर 2024 में मैंने बैंकिंग एवं मुद्रा व्यवस्था पर आधारित अपनी पहली अध्ययन सामग्री **"बैंकों का षड्यंत्र (आम जनता की हत्या का प्रयास)"** शीर्षक से दो भागों में प्रकाशित की। इसके बाद निरंतर अध्ययन, प्राप्त तथ्यों तथा आत्ममूल्यांकन के आधार पर **जनवरी 2025** में इसका संशोधित एवं विस्तृत संस्करण तीन भागों में प्रकाशित किया।

बैंकिंग व्यवस्था से संबंधित विभिन्न व्यावहारिक एवं विधिक समस्याओं के समाधान हेतु **अक्टूबर 2024** में मैंने जनसाधारण के लिए **15 प्रकार के आवेदन प्रारूप** निःशुल्क उपलब्ध कराए। तथा अपने अध्ययन के दौरान प्राप्त निष्कर्षों के आधार पर मैंने बैंकिंग व्यवस्था से संबंधित विषयों पर **30 अप्रैल 2025** तथा **18 जुलाई 2025** को **माननीय सर्वोच्च न्यायालय** के समक्ष जनहित से संबंधित दो पत्र (PIL हेतु अभ्यावेदन) भी प्रस्तुत किए। समाजहित के कार्यों को संगठित एवं संस्थागत स्वरूप देने के उद्देश्य से **3 नवंबर 2025** को मैंने **Dharmdev Sah Samajik Kalyan Sankalp Foundation** की स्थापना की।

यह पुस्तक वर्ष **2024 से 2026** के दौरान लगभग दो वर्षों तक किए गए मेरे अध्ययन, शोध, सरकारी दस्तावेज़ों, तथा **पूर्व प्रकाशित अध्ययन सामग्री के पुनर्परीक्षण का संशोधित, परिष्कृत एवं एकीकृत संक्षिप्त संस्करण है।** इस संकलन का उद्देश्य किसी पूर्वाग्रह का समर्थन करना नहीं, बल्कि उपलब्ध दस्तावेज़ों, एवं सार्वजनिक अभिलेखों के आधार पर विषय का व्यवस्थित अध्ययन प्रस्तुत करना है।

मैं यह स्वीकार करता हूँ कि **ज्ञान एक सतत विकसित होने वाली प्रक्रिया है।** अतः इस पुस्तक में प्रस्तुत विचार एवं निष्कर्ष उपलब्ध तथ्यों, दस्तावेज़ों एवं मेरे अध्ययन पर आधारित हैं। यदि भविष्य में नए तथ्य, अभिलेख अथवा प्रमाण उपलब्ध होते हैं, तो उन्हें भी आगामी संस्करणों में समुचित स्थान दिया जाएगा।

— **अप्पुन कुमार**

विषय सूचि

अध्याय – 1

मुद्रा-प्रणाली

मुद्रा वह माध्यम है जिससे हम वस्तुओं और सेवाओं का आदान-प्रदान करते हैं। यह किसी भी देश की आर्थिक प्रणाली का आधार होती है। मुद्रा का सबसे बड़ा काम वस्तुओं और सेवाओं के मूल्य को मापना और विनिमय की प्रक्रिया को आसान बनाना है।

1.1.मुद्रा-प्रणाली कसौटी

मुद्रा-प्रणाली कसौटी मुद्रा का तीन प्रकार से वर्गीकरण करती है:

1.धातु मुद्रा

2.कागज मुद्रा

3.साख मुद्रा



1.**धातु-मुद्रा**

सोना, चांदी, निकल, तांबा आदि जैसी किसी भी धातु से बनी मुद्रा को धातु-मुद्रा कहते हैं। धातु-मुद्रा का आगे मानक मुद्रा, प्रतीक मुद्रा तथा सहायक मुद्रा के रूप में वर्गीकरण किया गया है।

(i) **मानक मुद्रा**

मानक मुद्रा "वह मुद्रा है जिसका मूल्य वस्तु के रूप में गैर-अमौद्रिक उद्देश्यों के लिए भी उतना ही है जितना की मुद्रा के रूप में उसका मूल्य है।" इस तरह की मुद्रा सिक्कों के रूप में होती है जिसका अंकित मूल्य उसके यथार्थ मूल्य अथवा धातु-मूल्य के बराबर होता है। इस तरह के सिक्कों का धारक चाहे तो उन्हें पिघलाकर धातु के रूप में अथवा मुद्रा के रूप में प्रयोग कर सकता है, क्योंकि सिक्कों में धातु का मूल्य उतना ही होता है जितना उनका मौद्रिक मूल्य है। इसलिए मानक मुद्रा को पूर्ण मूल्य मुद्रा भी कहते हैं।

(ii) **प्रतिक मुद्रा**

प्रतीक मुद्रा वह प्रतिनिधि मुद्रा है जिसका यथार्थ मूल्य उसके अंकित मूल्य से कम होता है। भारत में जो एक रुपये का सिक्का चल रहा है, वह प्रतीक सिक्का है। यदि उसे पिघलाया जाए, तो इसकी धातु एक रुपये में नहीं बिकेगी।

1.2.कागजी मुद्रा

कागज-मुद्रा से तात्पर्य कागज के बने विभिन्न अंकित मूल्य के नोटों से है जिसे देश का केन्द्रीय बैंक तथा/अथवा सरकार जारी करती है। कागज-मुद्रा को प्रतिनिधि कागज-मुद्रा, परिवर्तनीय कागज-मुद्रा, अपरिवर्तन कागज-मुद्रा और आदेश कागज-मुद्रा के रूप में वर्गीकृत किया जा सकता है।

(i) **प्रतिनिधि कागज-मुद्रा**

प्रतिनिधि कागज-मुद्रा "वास्तव में पूर्ण-मूल्य सिक्कों अथवा उनके बराबर के स्वर्ण-बुलियन की मालगोदाम रसीद है जो प्रचलन में होती है।" इसे प्रतिनिधि पूर्ण-मूल्य मुद्रा भी कहते हैं क्योंकि यह सरकारी खजाने में रखे स्वर्ण सिक्कों अथवा बुलियन से पूर्णतया समर्थित होती है।







(ii) **परिवर्तनीय कागज मुद्रा**

परिवर्तनीय कागज-मुद्रा वह मुद्रा होती है जिसे मानक सिक्कों अथवा बुलियन के रूप में शत-प्रतिशत समर्थन प्राप्त नहीं होता। परन्तु कागज मुद्रा का धारक (holder) उसे मांग पर बुलियन अथवा सिक्कों में बदलवा सकता है। प्रतिनिधि और परिवर्तनीय कागज मुद्रा दोनों में इतना ही अन्तर होता है कि प्रतिनिधि कागज-मुद्रा को तो मानक सिक्कों अथवा बुलियन का पूर्ण समर्थन प्राप्त होता है जबकि परिवर्तनीय कागज मुद्रा को उनका पूर्ण समर्थन प्राप्त नहीं होता।

(iii) **अपरिवर्तनीय कागज मुद्रा**

जिस कागज मुद्रा को मानक सिक्कों अथवा बुलियन का कोई समर्थन प्राप्त नहीं होता और जिसे उनमें बदलवाया भी नहीं जा सकता उसे अपरिवर्तनीय कागज मुद्रा कहते हैं।

(iv) **आदेश या अधिदिष्ट-मुद्रा**

जो कागज-मुद्रा सरकार के आदेश पर प्रचलित होती है उसे आदेश मुद्रा कहते हैं। आदेश मुद्रा प्रतिनिधि अथवा प्रतीक मुद्रा है जो राज्य द्वारा निर्मित अथवा जारी की जाती है, परन्तु जिसे कानून द्वारा अपने अतिरिक्त किसी अन्य वस्तु से नहीं बदला जा सकता। यह वैध मुद्रा होती है। भारत सरकार द्वारा जारी प्रतीक सिक्के आदेश मुद्रा हैं। आज कल व्यवहार में आदेश मुद्रा और अपरिवर्तनीय कागज मुद्रा में कोई भेद नहीं है।

1.3.स्वीकार्यता कसौटी

स्वीकार्यता कसौटी के आधार पर मुद्रा को वैध मुद्रा और अवैध मुद्रा में वर्गीकृत किया जा सकता है।

(1) **वैध मुद्रा** - वैध मुद्रा वह मुद्रा है जिसे सरकार तथा जनता दोनों ही भुगतान और ऋण चुकाने के साधन के रूप में स्वीकार करते हैं। क्योंकि इसे सरकार की मंजूरी प्राप्त है, इसलिए लोगों को इस तरह की मुद्रा अनिवार्यतः स्वीकार करनी पड़ती है। किसी देश की सरकार और केन्द्रीय बैंक द्वारा जारी किए गए नोट और सिक्के उस देश में अनिवार्य वैध मुद्रा होती है।

(2) **अवैध मुद्रा** - जिस मुद्रा को सरकार अथवा केन्द्रीय बैंक की कानूनी मंजूरी प्राप्त नहीं होती उसे अवैध मुद्रा कहते हैं।

भारत के केंद्रीय बैंक भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा भी **'मुद्रा'** की एक परिभाषा नहीं दी गई है बल्कि इसके गुणों को बताया गया है। **जैसे:** धन भुगतान का माध्यम है,विनिमय को सरल बनाने वाला एक साधन है। तथा यह मूल्य संग्रहण का साधन और मापन की इकाई है।

MANUAL ON FINANCIAL AND BANKING STATISTICS 2007
Part I – Financial Statistics,
Chapter I – Monetary Statistics P- 3

₹1 का करेंसी नोट एवं अन्य मूल्यवर्ग के बैंक नोट

₹1 का करेंसी नोट भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी नहीं किया जाता, बल्कि इसे भारत सरकार स्वयं जारी करती है। तथा इस नोट पर भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के वित्त सचिव के हस्ताक्षर होते हैं।

इसके विपरीत, ₹2 से लेकर ₹500 तक के सभी बैंक नोट भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी किए जाते हैं। जिसकी गारंटी भारत सरकार देती है। उदाहरण के लिए, यहाँ ₹50 के बैंक नोट को देखें। जिस पर स्पष्ट रूप से लिखा है:

"मैं धारक को पचास रुपये अदा करने का वचन देता हूँ।"

इसके नीचे भारतीय रिज़र्व बैंक के गवर्नर का हस्ताक्षर हैं। यही वचन ₹2 से लेकर ₹500 तक के सभी बैंक नोटों पर अंकित मिलता है, जबकि ₹1 के करेंसी नोट पर ऐसा कोई वचन नहीं लिखा होता। इसका मतलब यह है कि यह 50 रुपये नहीं है, यह सिर्फ 50 रुपये की रसीद है, जिसे अगर आप भारतीय रिजर्व बैंक को देते तो 1933 से पहले वह आपको 50 चांदी के रुपये देता, लेकिन अब आपको यह नहीं मिलेगा।





सिक्का निर्माण अधिनियम 2011 के धारा 2 (क) के अनुसार एक रुपया का नोट सिक्के की परिभाषा के अंतर्गत आता है। भारत सरकार 1 रुपये के नोट पर मुहर लगाती है/स्टाम्पिंग करती है एवं भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर 1 रुपये के नोट के बराबर मुद्रा का भुगतान करने का वचन देते हैं। इसलिए, सरकार का सार्वभौम कार्य एक रुपये के करेंसी नोट को प्रिंट करना है जो अन्य सभी उच्च मूल्यवर्ग के बैंकनोटों, जो कि प्रॉमिसरी नोट हैं, को कानूनी स्वीकार्यता प्रदान करता है।

-Department of Economic Affairs

अध्याय – 2

भारत में करेंसी नोटों का प्रारंभिक स्वरूप

करेंसी नोट मूलतः एक वचन पत्र होते थे, जिसमें सरकार यह प्रतिबद्धता करती थी कि करेंसी नोट की अंकित राशि के बराबर मूल्य का सोना या चांदी का सिक्का धारक को मांगने पर प्रदान किया जाएगा। इस प्रकार के नोटों को परिवर्तनीय मुद्रा कहा जाता था, क्योंकि धारक इसे बैंक में प्रस्तुत कर वास्तविक धातु प्राप्त कर सकता था।

(Source :- Paper Currency act 1861, Paper Currency act 1882,...)



Act No. XIX o. 1861.

IX. **ऐसे नोट कब जारी किए जा सकते हैं।**

प्रधान आयुक्त, आयुक्त, उप आयुक्त और एजेंट अपने-अपने "जारी करने वाले सर्किलों" में किसी व्यक्ति की मांग पर अपने-अपने सर्किलों में नियुक्त शहर या कस्बे में स्थापित ऐसे कार्यालय या कार्यालयों या जारी करने वाली एजेंसियों से **धारा III** के तहत निर्धारित मूल्यवर्ग के वचन पत्र जारी करेंगे, जो दस रुपये से कम राशि के नहीं होंगे निम्नलिखित शर्तों पर:

1. सबसे पहले भारत सरकार के चालू चांदी के सिक्के में इसकी राशि के बदले में।

या दूसरे मानक चांदी के बुलियन या विदेशी चांदी के सिक्के में इसकी राशि के बदले में, जो ऐसे मानक के अनुसार गणना की गई हो सिक्का बनाने के लिए उपयुक्त मानक चांदी के प्रति 1000 तोला पर 979 रुपये की दर से

- **भारतीय कागजी मुद्रा अधिनियम 1882** के **धारा 11** के अनुशार मुद्रा जारी करने वाला कार्यालय धारक के मांग पर करेंसी नोट के बदले (a) भारत सरकार के वर्तमान चांदी के सिक्के में देगा।

- **करेंसी और बैंक नोट्स एक्ट 1914 के** (3) करेंसी नोट रखने वाला व्यक्ति बैंक ऑफ इंग्लैंड में ऑफिस के घंटों के दौरान मांगने पर नोट की फेस वैल्यू के बराबर सोने के सिक्कों में पेमेंट पाने का हकदार होगा, जो उस समय यूनाइटेड किंगडम में लीगल टेंडर हो।
- **भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम 1934 की** 39. (1) रिज़र्व बैंक मांग किए जाने पर बैंक-नोटों और भारत सरकार के करेंसी नोटों के विनिमय में रुपए के सिक्के देगा और जो सिक्का भारतीय सिक्का निर्माण अधिनियम 1906 के अधीन वैध निविदा है उसके विनिमय में मांग किए जाने पर करेंसी नोट या बैंक-नोट देगा।

2.1. भारतीय कागज़ी मुद्रा का संक्षिप्त परिचय

भारत में वित्तीय लिखत और लेन-देन की प्रणाली का इतिहास प्राचीन काल से ही समृद्ध रहा है। 'हुंडियों' के रूप में प्रचलित इस वित्तीय प्रणाली ने व्यापार और लेन-देन को सुविधाजनक बनाया। हालांकि आधुनिक कागज़ी मुद्रा का आरंभ 18 वीं शताब्दी के उत्तरार्ध में हुआ।

इस अवधि में निजी और अर्ध-सरकारी बैंकों ने कागजी मुद्रा जारी करना शुरू किया। इनमें मुख्य रूप से प्रेसिडेंसी बैंक जैसे **बैंक ऑफ बंगाल (1806) बैंक ऑफ बॉम्बे (1840)** और **बैंक ऑफ मद्रास (1843)** शामिल थे। ये बैंक ब्रिटिश शासन के अधीन थे और इन्हें नोट जारी करने का अधिकार प्राप्त था। इन बैंकों द्वारा जारी मुद्रा का प्रयोग केवल उनके संबंधित क्षेत्रों में किया जाता था।

बैंक ऑफ हिन्दोस्तान (1770-1832) जनरल बैंक ऑफ बंगाल एंड बिहार (1773-1775) (जिसे वॉरन हेस्टिंग्स ने स्थापित किया) और **बंगाल बैंक (1784-1791)** ने कागजी मुद्रा जारी की। हालांकि, इनमें से अधिकांश नोट केवल सीमित समय और क्षेत्र में ही प्रचलन में रह पाए।

2.2. प्रारंभिक बैंकिंग संस्थान और भारतीय कागजी मुद्रा का विकास

भारत में प्रारंभिक कागजी मुद्रा जारी करने में **जनरल बैंक ऑफ बंगाल एंड बिहार (1773-1775)** अग्रणी था। यह राज्य प्रायोजित बैंक था, जिसमें स्थानीय विशेषज्ञों की भागीदारी थी और इसे सरकारी समर्थन प्राप्त था। बैंक सफल और लाभदायक होते हुए भी सरकार द्वारा बंद कर दिया गया जिससे इसका अस्तित्व अल्पकालिक रहा।

बैंक ऑफ हिन्दोस्तान (1770-1832) जिसे **एलेक्ज़ेंडर एजेंसी हाउस** द्वारा स्थापित किया गया था प्रारंभिक बैंकों में सबसे प्रमुख था। तीन बार जनता का विश्वास खोने के बावजूद यह लंबे समय तक बना रहा। अन्तः जब इसकी संस्थापक फर्म **मेसर्स एलेक्ज़ेंडर एंड**

कंपनी 1832 में वाणिज्यिक संकट का शिकार हुई, तो इसके साथ ही बैंक ऑफ हिन्दोस्तान भी बंद हो गया।

बैंक ऑफ बंगाल (1806) :- यह पहले **बैंक ऑफ कलकत्ता** के रूप में स्थापित हुआ और बाद में इसका नाम बदलकर बैंक ऑफ बंगाल रखा गया। इसकी स्थापना 50 लाख सिक्के रुपए की पूंजी के साथ हुई थी। इस बैंक को सरकारी चार्टर के माध्यम से विशेषाधिकार दिए गए, जिसमें एक निर्धारित क्षेत्र (सर्किल) में नोट जारी करने की अनुमति शामिल थी।

2.3. प्रारंभिक कागजी मुद्रा और 1861 का कागजी मुद्रा अधिनियम

भारत में कागजी मुद्रा का आरंभ 18वीं शताब्दी में हुआ। इस दौरान **कागजी मुद्रा अधिनियम 1861** भारतीय मुद्रा प्रणाली के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हुआ। इस अधिनियम ने भारत सरकार को कागजी मुद्रा जारी करने का एकाधिकार प्रदान किया, जिससे **निजी और प्रेसिडेंसी बैंकों** द्वारा नोट जारी करने की प्रक्रिया समाप्त हो गई। इस प्रणाली की परिकल्पना और क्रियान्वयन का श्रेय **सर जेम्स विल्सन** को जाता है, जो भारत के वायसरॉय की कार्यकारी परिषद में पहले वित्तीय सदस्य थे। उन्होंने इस नीति को लागू करने के लिए आवश्यक ढांचा तैयार किया। उनकी अकाल मृत्यु के बाद उनके उत्तराधिकारी **सैम्युअल लाइंग** ने उनके प्रस्तावों में आवश्यक संशोधन कर इस कार्य को सफलतापूर्वक आगे बढ़ाया।

2.4. भारतीय मुद्रा नोट जारी करने में भारत सरकार की भूमिका

भारतीय रिज़र्व बैंक की स्थापना से पहले भारत में मुद्रा नोट जारी करने का कार्य **भारत सरकार** द्वारा किया जाता था। 1 अप्रैल 1935 को **भारतीय रिज़र्व बैंक** की स्थापना के बाद मुद्रा प्रबंधन का अधिकांश कार्य इस बैंक को सौंप दिया गया।

हालांकि **1 रुपए का नोट** जारी करने का अधिकार भारत सरकार ने अपने पास ही रखा। यह अधिकार विशेष रूप से युद्धकालीन उपाय के तहत **अगस्त 1940** में फिर से लागू किया गया, जब 1 रुपए का नोट सिक्के के समकक्ष जारी किया गया।

भारत सरकार ने **1994 तक 1 रुपए का नोट** जारी करना जारी रखा जबकि अन्य सभी मूल्यवर्ग के नोट भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी किए गए। यह 1 रुपए का नोट आज भी भारत सरकार द्वारा जारी किया जाता है और उस पर वित्त मंत्रालय के सचिव के हस्ताक्षर होते हैं।

किन्तु वर्तमान समय में रुपये का कोई निश्चित स्वर्ण या रजत मानक नहीं है।

मैंने दिनांक **19/07/2024** को **सूचना का अधिकार अधिनियम** 2005 के अंतर्गत भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) से यह जानकारी माँगी थी कि ***वर्तमान समय में भारतीय मुद्रा में ₹1 (एक रुपये) का मानक मूल्य क्या है?***

इस प्रश्न के उत्तर में भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा दिनांक **13/12/2024** को सूचित किया गया कि भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी किए जाने वाले बैंकनोट **भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम 1934** के प्रावधानों के अंतर्गत जारी किए जाते हैं। उक्त अधिनियम भारतीय रिज़र्व बैंक की आधिकारिक वेबसाइट **www.rbi.org.in** पर *सामयिक प्रकाशन* अनुभाग में उपलब्ध है।

इसके अतिरिक्त, भारतीय रिज़र्व बैंक ने "**भारतीय मुद्रा**" से संबंधित *अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न* (खंड 'क' – भारतीय मुद्रा / मुद्रा प्रबंधन की मूल बातें, प्रश्न संख्या 1 एवं 2) का संदर्भ दिया है, जो भारतीय रिज़र्व बैंक की वेबसाइट पर उपलब्ध है। यह जानकारी दिनांक **15 अप्रैल 2025** तक अद्यतन है।

उक्त FAQ के अनुसार स्पष्ट किया गया है कि वर्तमान में **भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934** तथा **सिक्का अधिनियम, 2011** के अंतर्गत क्रमशः बैंकनोटों और सिक्कों का निर्गमन किया जाता है। इन दोनों अधिनियमों के प्रावधानों में रुपये या सिक्कों के किसी ***मानक मूल्य*** का कोई उल्लेख नहीं किया गया है। कागजी मुद्रा तथा सिक्कों से संबंधित पूर्ववर्ती सभी वैधानिक प्रावधानों को निरस्त किया जा चुका है।

अध्याय – 3

भारतीय मुद्रा "रुपया"

रुपये की उत्पत्ति एवं ऐतिहासिक विकास के संबंध में, यह तथ्य स्थापित है कि "रुपया" शब्द का प्रथम प्रयोग भारत में **शेरशाह सूरी** द्वारा उनके शासनकाल **(1540-1545)** के दौरान किया गया था। उस अवधि में यह चांदी का सिक्का था।

रुपये की उत्पत्ति एवं ऐतिहासिक विकास के संबंध में, यह तथ्य स्थापित है कि "रुपया" शब्द का प्रथम प्रयोग भारत में **शेरशाह सूरी** द्वारा उनके शासनकाल **(1540-1545)** के दौरान किया गया था। उस अवधि में यह चांदी का सिक्का था, जो मुगल शासन काल तक प्रचलन में बना रहा।



कालांतर में, जब ईस्ट इंडिया कंपनी ने भारत में अपनी प्रशासनिक पकड़ मजबूत की, तब उसने अपने अधीनस्थ क्षेत्रों में सिक्का जारी करने हेतु **GOLD AND SILVER COINAGE ACT NO. XVII OF 1835** को अधिनियमित किया। उक्त अधिनियम के अंतर्गत, "**रुपया"** को आधिकारिक रूप से **कंपनी के रुपया** के नाम से परिभाषित किया गया जिसका भार **180 ग्रेन ट्रॉय (165 ग्रेन शुद्ध चांदी)** निर्धारित किया गया। साथ ही, "मोहर" यानि सोने का सिक्के का भार **180 ग्रेन ट्रॉय (165 ग्रेन शुद्ध सोना)** सुनिश्चित किया गया तथा विनिमय दर के अनुसार एक मोहर का मूल्य **15 रुपये** के समकक्ष निर्धारित किया गया। इस तथ्य की पुष्टि **GOLD AND SILVER COINAGE ACT 1835** की धारा 1 एवं धारा 7 के अवलोकन से की जा सकती है।

पुनश्च, **1 नवंबर 1858** को ब्रिटिश सरकार द्वारा ईस्ट इंडिया कंपनी का शासन समाप्त कर ब्रिटिश भारत सरकार (British Indian Government) की स्थापना की गई। तत्पश्चात, **23 अप्रैल 1862** को **Coinage Act 1862** अधिनियमित किया गया, जिसमें पूर्ववर्ती **Coinage Act 1835** के मानकों को अपनाया गया। इस अधिनियम की विशेषता यह थी कि इसमें "ईस्ट इंडिया कंपनी रुपया" का नाम परिवर्तित कर "गवर्नमेंट रुपया" (Government Rupee) कर दिया गया, जिसका प्रमाण **Coinage Act, 1862 का धारा 2 हैं।**

- ब्रिटिश शासनकाल में ही निर्मित **भारतीय दंड संहिता 1860 (Indian Penal Code, 1860)** के **धारा 230** में "सिक्के" की परिभाषा दी गई थी। जिसके उपधारा **(घ)** स्पष्ट रूप से यह स्थापित करती थी कि वह सिक्का, जिसका नाम "कंपनी रुपया" (Company's Rupee) है, वह **भारतीय सिक्का** (Indian Coin) हैं

3.1. रुपया और सोने का संबंध

जब हम रुपये की बात करते हैं, तो ऐतिहासिक दृष्टि से इसका संबंध चांदी के सिक्कों से जोड़ा जाता है। परंतु, रुपये की बड़ी इकाई के रूप में "मोहर" (सोने का सिक्का) का भी उल्लेख मिलता है। शेरशाह सूरी के शासनकाल में, 1 मोहर का मूल्य 10 रुपये के बराबर था। इसका अर्थ यह था कि यदि किसी को 10 रुपये का भुगतान करना होता, तो 10 चांदी के सिक्कों के स्थान पर 1 सोने की मोहर दी जाती थी।

जबकि ब्रिटिश शासनकाल में रुपये के मूल्य और वजन में परिवर्तन किए गए। इस काल में 1 मोहर का मूल्य 15 रुपये के बराबर कर दिया गया। इसका मतलब यह हुआ कि 15 चांदी के सिक्कों की जगह 1 मोहर दी जाती थी। **और ब्रिटिश शासनकाल के मुद्रा संबंधित अधिनियमों के अनुसार, 1 मोहर का वजन 11.664 ग्राम सोना था।**

- **1 मोहर का वजन और कानूनी अधिनियम :- GOLD AND SILVER COINAGE ACT 1835** इस अधिनियम की धारा 7 में 1 मोहर का वजन **11.664 ग्राम** सोने का निर्धारित किया गया हैं। तथा ब्रिटिश शासनकाल में बने **भारतीय सिक्का अधिनियम 1870 की धारा 5** में भी 1 मोहर का वजन **11.664 ग्राम** का उल्लेख किया गया हैं।

1 रुपया = कितना सोना

- ब्रिटिश शासन के समय 1 मोहर का मूल्य 15 रुपये के बराबर था। अब यदि हमें 1 रुपये में कितना सोना होता है, यह निकालना है, तो निम्नलिखित गणना करनी पड़ेगी जैसे :
- **1 रुपये का सोना = 1 मोहर का वजन** ÷ **15 चांदी के सिक्के**

  = 11.664÷15 = 0.7776 ग्राम

  इस प्रकार, 1 रुपये का सोना **0.7776 ग्राम** होता था।

3.2. भारतीय सिक्के का संक्षिप्त परिचय

बंगाल में सिक्कों का विकास मुगल पैटर्न से हुआ, मद्रास में सिक्कों की ढलाई डिजाइन और मेट्रोलॉजी (पगोडा) दोनों ही दक्षिण भारतीय परंपरा के अनुरूप हुई। पश्चिम भारत में इंग्लिश सिक्कों का विकास मुगल और इंग्लिश दोनों ही तरीकों से हुआ। इंग्लिश ने

सम्राट फरु ख्शियर से 1717 ई. में बॉम्बे मिंट में मुगल सिक्कों की ढलाई करने की अनुमति मांगी। इंग्लिश तरीके के सिक्कों की ढलाई बॉम्बे मिंट में की गई। **स्वर्ण सिक्कों को केरोलिना, चांदी के सिक्कों को एंजलिना, ताम्र सिक्कों को कपेरून और जस्ते के सिक्कों को टिनी नाम दिया गया।** 1830 के आरंभिक काल तक इंग्लिश हुकूमत भारत में अपने पैर पूरी तरह जमा चुकी थी। सैकड़ों वर्षों से चली आ रही उठापटक के बाद उभरकर आई सार्वभौम शक्ति ने सिक्का ढलाई अधिनियम 1835 को अधिनियमित करने और ढलाई कर जारी किए जानेवाले सिक्कों में एकरूपता लाने को संभव किया।

भारतीय सिक्का अधिनियम 1906 पारित हुआ जिसके द्वारा टकसालों की स्थापना तथा भविष्य में जारी किए जानेवाले सिक्कों और प्रचलन में रखे जानेवाले मानकों को शासित किया जाता था
(रुपया 180 ग्रेन रजत 916.66 मानक आधा रुपया 90 ग्रेन, चौथाई रु पया 45 ग्रेन)।
भारतीय सिक्का अधिनियम 1906 पारित हुआ जिसके द्वारा टकसालों की स्थापना तथा भविष्य में जारी किए जानेवाले सिक्कों और प्रचलन में रखे जानेवाले मानकों को शासित किया जाता था (रुपया 180 ग्रेन रजत 916.66 मानक आधा रुपया 90 ग्रेन, चौथाई रु पया 45 ग्रेन)।

प्रथम विश्वयुद्ध के कारण चांदी का भारी संकट छा गया था, जिसके कारण ब्रिटिश सरकार को एक रुपया और ढाई रुपए के कागज़ी नोट छापने के लिए विवश होना पड़ा। छोटे मूल्यवर्ग के चांदी के सिक्कों को तांबा-निकेल धातु में जारी किया गया। समय आने पर जॉर्ज V का उत्तराधिकारी एडवर्ड VIII हो गया। तथापि उसके लघु शासनकाल में कोई भी सिक्का जारी नहीं हुआ।

1936 में जॉर्ज VI राजसिंहासन पर आसीन हुआ। द्वितीय विश्वयुद्ध से उपजी विवशता ने सिक्कों में विभिन्न प्रकार के प्रयोगों को अंजाम दिया जिसके तहत मानक रुपया की जगह "चौकोन रजत मिश्र धातु के सिक्के" आ गए। चौकोर रजत सिक्के 1940 से जारी हुए थे। 1947 में इनकी जगह शुद्ध निकेल के सिक्कों ने ले ली।

सितंबर 1955 में भारतीय सिक्का ढलाई अधिनियम में संशोधन किया गया, जिससे देश में सिक्का निर्माण के लिए **मेट्रिक प्रणाली** को अपनाया गया। यह संशोधन **1 अप्रैल 1957** से लागू हुआ।

रुपये के मूल्य और नाम में कोई बदलाव नहीं किया गया, लेकिन इसे **16 आना या 64 पैसे** के बजाय **100 पैसे** में विभाजित किया गया। नए दशमलव सिक्कों को शुरुआत में **सार्वजनिक स्वीकृति** के लिए, **"नया पैसा"** कहा गया।

1 जून 1964 से "नया" शब्द हटा दिया गया और इसे केवल "पैसा" कहा जाने लगा। वर्ष 1968 में बीस पैसे का एक सिक्का जारी किया गया लेकिन इसे अधिक लोकप्रियता हासिल नहीं हुई। सत्तर के दशक में लागत-लाभ के कारण 1, 2 और 3 पैसे के सिक्के बंद कर दिए गए।

1988 में 10, 25, और 50 पैसे के **स्टेनलेस स्टील** के सिक्के जारी किए गए, और **1992** में 1 रुपये का स्टेनलेस स्टील का सिक्का पेश किया गया।

3.3. सिक्का निर्माण विधेयक 2009

- सिक्का निर्माण विधेयक, 2009 को वित्त मंत्री श्री प्रणब मुखर्जी ने 17 दिसंबर 2009 को लोक सभा में पेश किया। विधेयक को विभाग से संबंधित वित्त संबंधी स्थायी समिति (अध्यक्ष: डॉ. मुरली मनोहर जोशी) को भेजा गया, जिसे तीन महीने के भीतर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करनी है।
- विधेयक सिक्का निर्माण और टकसालों से संबंधित कानूनों को समेकित करता है तथा धातु टोकन अधिनियम 1899; सिक्का निर्माण अधिनियम 1906; कांस्य सिक्का (कानूनी निविदा) अधिनियम 1918 और लघु सिक्के (अपराध) अधिनियम 1971 को निरस्त करता है। <u>“सिक्का” को उस धातु के रूप में परिभाषित किया जाता है जो सरकार द्वारा लगी मुहर से बना होता है और वह एक वैध मुद्रा है।</u>

> The Coinage Bill 2009 को 17 दिसंबर 2009 को लोकसभा में प्रस्तुत किया गया। विस्तृत परीक्षण हेतु इसे वित्त संबंधी स्थायी समिति को भेजा गया, जिसने 31 अगस्त 2010 को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की। इसके पश्चात विधेयक 25 मार्च 2011 को लोकसभा तथा 11 अगस्त 2011 को राज्यसभा द्वारा पारित किया गया। राष्ट्रपति की स्वीकृति 1 सितंबर 2011 को प्राप्त होने के बाद यह The Coinage Act 2011 के रूप में अधिनियमित हुआ।

अध्याय– 4


मानक

मानक किसी भी कार्य, वस्तु या प्रणाली के लिए तय किए गए निश्चित नियम या मापदंड होते हैं। ये समानता, गुणवत्ता और विश्वसनीयता सुनिश्चित करते हैं। यदि मानक हों, तो कार्यों में स्पष्टता, नियंत्रण और पारदर्शिता बनी रहती है।

4.1. मानक के साथ रुपया

1. मूल्य स्थिरता

जब रुपया किसी मानक, जैसे कि सोने या चांदी के आधार पर जुड़ा होता है, तो उसकी मूल्य स्थिरता सुनिश्चित होती है। यह मुद्रास्फीति (महंगाई) को नियंत्रित करने में मदद करता है।



2. विश्वसनीयता और स्थायित्व

मानक आधारित मुद्रा में जनता और व्यापारियों का विश्वास अधिक होता है। इसका कारण यह है कि इसके पीछे वास्तविक मूल्य (जैसे सोने या चांदी की कीमत) होता है।

3. मुद्रा की छपाई पर नियंत्रण

मानक के साथ जुड़ी मुद्रा की छपाई सीमित होती है, क्योंकि इसे मानक (जैसे सोना या चांदी) की मात्रा के अनुपात में छापा जाता है। इससे अत्यधिक मुद्रा छापने और इसके परिणामस्वरूप होने वाली मुद्रास्फीति से बचाव होता है।

4. लोगों का विश्वास बढ़ना

मानक आधारित रुपया जनता को भरोसा दिलाता है कि मुद्रा का वास्तविक मूल्य है, और इसे आसानी से अन्य मूल्यवान चीजों में बदला जा सकता है।

4.2. मानक के बिना मुद्रा

जब मुद्रा के पीछे कोई स्थिर मानक न हो, तो उसका मूल्य केवल विश्वास पर आधारित होता है। ऐसी मुद्रा अस्थिर और अविश्वसनीय होती है, जिससे महंगाई, आर्थिक संकट और निवेश में गिरावट जैसी समस्याएं उत्पन्न होती हैं। सरकार जब मनमानी मात्रा में नोट छापने लगती है, तो आम लोगों की बचत और आय का वास्तविक मूल्य घटने लगता है। व्यापार और उद्योग में भी अनिश्चितता बढ़ती है, जिससे अर्थव्यवस्था कमजोर पड़ जाती है।

4.3. मुद्रा अवमूल्यन

मुद्रा की अवमूल्यन का मतलब है किसी देश की मुद्रा का मूल्य गिरना। इसका अर्थ होता है कि उस मुद्रा की विनिमय दर अन्य देशों की मुद्राओं के मुकाबले कम हो जाना। जब मुद्रा अवमूल्यित होती है, तो वह विदेशी मुद्रा के सापेक्ष कमजोर हो जाती है।

उदाहरण के तौर पर, यदि रुपये का अवमूल्यन होता है, तो डॉलर के मुकाबले रुपये की कीमत घट जाती है। इसका मतलब यह है कि अब पहले से अधिक रुपये खर्च करके ही एक डॉलर खरीदा जा सकता है।

4.4. रुपया का अवमूल्यन और विदेशी कर्ज

जब रुपये का अवमूल्यन होता है, तो भारत का विदेशी कर्ज़ बढ़ जाता है। इसका मुख्य कारण यह है कि विदेशी कर्ज़ आमतौर पर डॉलर या अन्य मजबूत मुद्राओं में लिया जाता है। जब रुपये का मूल्य गिरता है, तो इन कर्ज़ों को चुकाने के लिए अधिक रुपये खर्च करने पड़ते हैं।

उदाहरण के लिए, अगर भारत ने किसी विदेशी बैंक से 100 अरब डॉलर का कर्ज़ लिया और उस समय 1 डॉलर की कीमत ₹75 थी, तो कुल कर्ज़ ₹7.5 लाख करोड़ होता। लेकिन अगर रुपये का अवमूल्यन होकर 1 डॉलर = ₹85 हो जाता है, तो उसी कर्ज़ की कीमत बढ़कर ₹8.5 लाख करोड़ हो जाएगी। इससे सरकार और कंपनियों पर अतिरिक्त आर्थिक दबाव बढ़ता है। इसके अलावा, जब रुपया कमजोर होता है, तो आयात महंगा हो जाता है, जिससे सरकार को और अधिक विदेशी मुद्रा की जरूरत पड़ती है।

Gold Standard Act 1925

महामहिम राजा की ओर से, लॉर्ड्स स्पिरिचुअल और टेम्पोरल, और कॉमन्स की सलाह और सहमति से, इस वर्तमान संसद में इकट्ठे होकर, और उसी के अधिकार से, यह अधिनियम बनाया जाता है, जैसा कि निम्नलिखित है:—

1. (1) जब तक और जब तक महामहिम राजा उद्घोषणा द्वारा अन्यथा निर्देश नहीं देते
((a) बैंक ऑफ़ इंग्लैंड, किसी भी अन्य अधिनियम में निहित किसी बात के होते हुए भी, **बैंक ऑफ़ इंग्लैंड अधिनियम 1833 की धारा 6** के अर्थ में *कानूनी सिक्के* में किसी भी बैंक नोट (जिसे इस अधिनियम में "बैंक नोट" कहा गया है) का भुगतान करने के लिए बाध्य नहीं होगा; तथा केवल इस कारण से कि बैंक कानूनी सिक्के में बैंक नोटों का भुगतान जारी नहीं रखता, बैंक नोट *कानूनी निविदा* होना समाप्त नहीं करेंगे।

(b) मुद्रा और बैंक नोट अधिनियम 1914 की धारा 1 की उपधारा (3) जिसमें यह प्रावधान है कि मुद्रा नोट का धारक उसके अंकित मूल्य के बराबर स्वर्ण सिक्के में भुगतान प्राप्त करने का अधिकारी होगा **प्रभावहीन हो जाएगी**।

(c) सिक्का अधिनियम 1870 की धारा 8 (जो किसी भी व्यक्ति को टकसाल में सोने की बुलियन लाने पर उसे परखने, सिक्के बनाने और उसे सौंपने का हकदार बनाती है) बैंक ऑफ इंग्लैंड द्वारा टकसाल में लाई गई सोने की बुलियन को छोड़कर, प्रभावी नहीं रहेगी।

(2) जब तक पिछला सब-सेक्शन लागू रहता है, बैंक ऑफ़ इंग्लैंड किसी भी ऐसे व्यक्ति को, जो बैंक के हेड ऑफिस में बैंक के ऑफिस के घंटों के दौरान इस बारे में मांग करता है, और किसी भी लीगल टेंडर में खरीद की कीमत चुकाता है, गोल्ड बुलियन बेचने के लिए बाध्य होगा। यह सोना 1870 के कॉइनेज एक्ट द्वारा सोने के सिक्के के लिए तय की गई शुद्धता के स्टैंडर्ड का होगा, और इसकी कीमत तीन पाउंड, सत्रह शिलिंग और दस पेंस हाफपेनी प्रति औंस ट्रॉय होगी, लेकिन सिर्फ़ लगभग चार सौ औंस ट्रॉय शुद्ध सोने वाली बार के रूप में।

2. (a) गोल्ड स्टैंडर्ड पर वापस लौटने के संबंध में एक्सचेंज ऑपरेशन्स के लिए ज़रूरी कोई भी पैसा इस एक्ट के पास होने के दो साल के अंदर ऐसे तरीके से जुटाया जा सकता है जैसा ट्रेजरी को ठीक लगे, और उस मकसद के लिए वे यूनाइटेड किंगडम के अंदर या बाहर, और ब्रिटिश या किसी दूसरी करेंसी में, ऐसी सिक्योरिटीज़ बना और जारी कर सकते हैं, जिन पर ऐसी ब्याज दर हो और जिनके रीपेमेंट, रिडेम्पशन या अन्य शर्तों के बारे में वे जैसा ठीक समझें, और वे ऐसे

तरीके से और ऐसी शर्तों पर, जैसा वे उचित समझें, किसी भी लोन के ब्याज और मूलधन के पेमेंट की गारंटी दे सकते हैं जो ऊपर बताए गए मकसद के लिए लिया जा सकता है:
बशर्ते कि इस सेक्शन के तहत बनाई या जारी की गई कोई भी सिक्योरिटीज़ उनके जारी होने की तारीख से दो साल के अंदर रिडीम की जाएंगी, और इस सेक्शन के तहत कोई भी गारंटी ऐसी नहीं दी जाएगी जो इसे दिए जाने की तारीख से दो साल बाद तक लागू रहे।

(b) इस एक्ट के तहत जुटाए गए किसी भी पैसे का मूलधन और ब्याज, और इस एक्ट के तहत दी गई किसी भी गारंटी को पूरा करने में ट्रेजरी द्वारा देय कोई भी रकम, साथ ही इस सेक्शन के तहत अपनी शक्तियों का इस्तेमाल करने के संबंध में या उसके लिए ट्रेजरी द्वारा किया गया कोई भी खर्च, यूनाइटेड किंगडम के कंसोलिडेटेड फंड या उसकी बढ़ती हुई आय पर चार्ज किया जाएगा।

(c) जहाँ इस अधिनियम के शुरू होने के बाद पास किए गए किसी विनियोग अधिनियम द्वारा ट्रेजरी को एक तय रकम तक पैसा उधार लेने की शक्ति दी जाती है, तो कोई भी रकम जो उस अधिनियम के पास होने के समय इस धारा के अनुसार ट्रेजरी द्वारा उधार ली गई हो या गारंटी दी गई हो और जो उस समय बकाया हो, उसे उक्त विनियोग अधिनियम द्वारा दी गई शक्ति का इस्तेमाल करके जुटाया गया माना जाएगा और उस अधिनियम के तहत उधार ली जा सकने वाली रकम उसी हिसाब से कम कर दी जाएगी।

3. This Act may be cited as the Gold Standard Act, 1925.

4.6. After the Gold Standard, 1931-1999

> बैंक ऑफ़ इंग्लैंड के उप-गवर्नर द्वारा भेजा गया गोपनीय तार-संदेश, जिसमें यूनाइटेड किंगडम द्वारा स्वर्ण मानक से हटने के निर्णय के संबंध में सूचना दी गई है।
> सितंबर 1931 में यूनाइटेड किंगडम को स्वर्ण मानक से अपने संबंध को तोड़ने के लिए विवश होना पड़ा। यह तार-संदेश उसी दिन भेजे गए अनेक संदेशों में से एक है, जिनके माध्यम से बैंक के विदेशी एवं घरेलू संवाददाताओं को सरकार की नीति में हुए इस मौलिक परिवर्तन की जानकारी दी गई।

1. मुझे आपको यह बताते हुए अफ़सोस हो रहा है कि बैंक ऑफ़ इंग्लैंड 1925 के गोल्ड स्टैंडर्ड एक्ट के तहत अपनी ज़िम्मेदारी के अनुसार सोने की बिक्री को निलंबित करने के लिए मजबूर है। ज़रूरी कानून तुरंत संसद में पेश किया जाएगा। विदेशी ग्राहकों की ओर से इस देश में रखे गए किसी भी सोने के मुफ़्त निपटान पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाया जाएगा, न ही किसी ऐसे

सोने पर जो विदेशी खाते के लिए हिरासत में रखने या बाज़ार में बेचने के लिए इस देश में भेजा जा सकता है।

2. लंदन स्टॉक एक्सचेंज कल एक दिन के लिए बंद रहेगा लेकिन कोई बैंक हॉलिडे नहीं होगा।

3. बैंक सामान्य रूप से काम करते रहेंगे और यहाँ किसी बैंकिंग परेशानी की उम्मीद नहीं है।

4. मैं यह जानकारी आपको टेलीफ़ोन से देने की कोशिश कर रहा हूँ लेकिन यह केबल भेज रहा हूँ ताकि अगर मैं आपसे किसी और तरह से संपर्क न कर पाऊँ तो यह जानकारी मिल जाए।

4.7. अमेरिकी राष्ट्रपति फ्रैंकलिन डी. रूजवेल्ट का कार्यकारी आदेश (नं. 6260)

1 मई 1933 को या उससे पहले उनके पास अब जो भी सोने के सिक्के, सोने के बुलियन, और सोने के सर्टिफिकेट हैं, उन्हें फेडरल रिजर्व बैंक, ब्रांच या एजेंसी, या फेडरल रिजर्व सिस्टम के किसी भी सदस्य बैंक को दे दिया जाएगा।

1933

संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति फ्रैंकलिन डी. रूजवेल्ट का कार्यकारी आदेश (नं. 6260) जो सोने के निर्यात और विदेशी मुद्रा में लेन-देन पर नियंत्रण से संबंधित है। इस अंश में 1933 के आखिर में संयुक्त राज्य अमेरिका में सोने पर लगाए गए अतिरिक्त प्रतिबंध शामिल हैं।

6 अक्टूबर, 1917 के एक्ट की धारा 5 (b) द्वारा मुझे दी गई शक्ति के आधार पर, जैसा कि 9 मार्च, 1933 के एक्ट की धारा 2 द्वारा संशोधित किया गया है, जिसका शीर्षक है "बैंकिंग में मौजूदा राष्ट्रीय आपातकाल में राहत प्रदान करने और अन्य उद्देश्यों के लिए एक एक्ट", मैं, फ्रैंकलिन डी. रूजवेल्ट, संयुक्त राज्य अमेरिका का राष्ट्रपति, यह घोषणा करता हूँ कि राष्ट्रीय आपातकाल की अवधि मौजूद है, और उक्त शक्ति और मुझे दी गई अन्य सभी शक्तियों के आधार पर, मैं इसके द्वारा संयुक्त राज्य अमेरिका के भीतर या उसके अधिकार क्षेत्र के अधीन किसी भी स्थान पर किसी भी व्यक्ति द्वारा सोने के सिक्के, सोने की सिल्लियों और सोने के प्रमाणपत्रों की जमाखोरी, पहचान और निर्यात की जांच और विनियमन के लिए निम्नलिखित प्रावधान निर्धारित करता हूँ; और विदेशी मुद्रा में लेनदेन और क्रेडिट के हस्तांतरण और संयुक्त राज्य अमेरिका या उसके अधिकार क्षेत्र के अधीन किसी भी स्थान से किसी भी व्यक्ति द्वारा मुद्रा के निर्यात या निकासी की जांच और विनियमन के लिए।

धारा 2. परिभाषाएँ। इस आदेश में इस्तेमाल किए गए शब्द "व्यक्ति" का मतलब कोई भी व्यक्ति, पार्टनरशिप, एसोसिएशन या कॉर्पोरेशन है; और शब्द "संयुक्त राज्य अमेरिका" का मतलब संयुक्त राज्य अमेरिका और उसके अधिकार क्षेत्र के तहत आने वाली कोई भी जगह है।

धारा 3. रिटर्न। इस आदेश की तारीख से पंद्रह दिनों के भीतर हर वह व्यक्ति जिसके पास सोने के सिक्के, सोने की ईंटें, या सोने के सर्टिफिकेट हैं, वह शपथ लेकर और जैसा कि नीचे बताया गया है, उसके अनुसार ट्रेजरी सेक्रेटरी को एक रिटर्न फाइल करेगा, जिसमें उससे संबंधित सही और पूरी जानकारी होगी, जिसमें रिटर्न देने वाले व्यक्ति का नाम और पता शामिल है; ऐसे सिक्के, ईंटों या सर्टिफिकेट का प्रकार और मात्रा और उनका स्थान; यदि किसी और के लिए रखे गए हैं, तो किस हैसियत से रखे गए हैं और किसके लिए रखे गए हैं, साथ ही उस व्यक्ति का पोस्ट-ऑफिस का पता; और ऐसे सिक्के, ईंटों या सर्टिफिकेट को रखने के लिए ज़रूरी लेन-देन की प्रकृति और एक बयान जिसमें यह बताया गया हो कि ऐसे लेन-देन को सोने के सर्टिफिकेट के अलावा किसी अन्य करेंसी का उपयोग करके क्यों नहीं किया जा सकता है; बशर्ते कि निम्नलिखित के संबंध में कोई रिटर्न फाइल करने की आवश्यकता नहीं है

(a) सोने के सिक्के, सोने की ईंटें, और सोने के सर्टिफिकेट जिनकी कुल कीमत किसी एक व्यक्ति के लिए $100 से ज़्यादा न हो;

(b) सोने का सिक्का जिसका दुर्लभ और असामान्य सिक्कों के कलेक्टरों के लिए एक मान्यता प्राप्त विशेष मूल्य हो;
(c) सोने के सिक्के, सोने की ईंटें, और सोने के सर्टिफिकेट जो ट्रेजरी सेक्रेटरी द्वारा या उनके अधिकार के तहत पहले दिए गए लाइसेंस के तहत हासिल किए गए हों या रखे गए हों; और
(d) सोने के सिक्के, सोने की ईंटें, और सोने के सर्टिफिकेट जो फेडरल रिजर्व बैंकों के स्वामित्व में हों।

धारा 4. सोने के सिक्के और सोने की सिल्लियों का अधिग्रहण। इस आदेश की तारीख के बाद फेडरल रिज़र्व बैंक के अलावा कोई भी व्यक्ति संयुक्त राज्य अमेरिका में कोई भी सोने का सिक्का, सोने की सिल्लियां, या सोने के सर्टिफिकेट तब तक हासिल नहीं करेगा, जब तक कि इस कार्यकारी आदेश के तहत जारी लाइसेंस न हो, बशर्ते कि फेडरल रिज़र्व सिस्टम के सदस्य बैंक ऐसे सिक्के, सिल्लियां और सर्टिफिकेट तुरंत फेडरल रिज़र्व बैंक को सौंपने के लिए स्वीकार कर सकते हैं, और यह भी कि जो लोग उद्योग, कला या पेशे में सोने का इस्तेमाल करते हैं, जिसमें वे नियमित रूप से लगे हुए हैं, वे धारा 5(b) के तहत जारी लाइसेंस के तहत रखी गई सोने की

सिल्लियों को खरीदकर अपने सोने के स्टॉक को कुल $100 तक फिर से भर सकते हैं, ऐसी खरीद के लिए लाइसेंस की आवश्यकता के बिना।

धारा 5. सोने के सिक्के, सोने की ईंटें, और सोने के सर्टिफिकेट रखना। इस आदेश की तारीख से तीस दिनों के बाद, कोई भी व्यक्ति अपने पास कोई भी सोने का सिक्का, सोने की ईंट, या सोने के सर्टिफिकेट नहीं रखेगा, या उसमें कोई कानूनी या इक्विटेबल हित नहीं रखेगा, जो संयुक्त राज्य अमेरिका में स्थित हों और संयुक्त राज्य अमेरिका के अधिकार क्षेत्र के अधीन किसी भी व्यक्ति के स्वामित्व में हों, सिवाय इस कार्यकारी आदेश के तहत जारी लाइसेंस के; बशर्ते, हालांकि, सोने के सिक्के, सोने की ईंटें, या सोने के सर्टिफिकेट को अपने पास रखने या उसमें हित रखने के लिए लाइसेंस की आवश्यकता नहीं होगी, जिसके संबंध में यहां धारा 3 के तहत रिटर्न दाखिल करने की आवश्यकता नहीं है।

4.8. निक्सन और ब्रेटन वुड्स प्रणाली का अंत, 1971–1973

1944 का ब्रेटन वुड्स समझौता

ब्रेटन वुड्स सम्मेलन, जिसे आधिकारिक तौर पर संयुक्त राष्ट्र मौद्रिक और वित्तीय सम्मेलन के रूप में जाना जाता है, 44 देशों के प्रतिनिधियों का एक सम्मेलन था जो 1 से 22 जुलाई, 1944 तक ब्रेटन वुड्स, न्यू हैम्पशायर में द्वितीय विश्व युद्ध के बाद की अंतर्राष्ट्रीय मौद्रिक प्रणाली के लिए कई नए नियमों पर सहमत होने के लिए मिले थे। इस सम्मेलन ने आने वाले दशकों के लिए अमेरिकी डॉलर को आर्थिक प्रभुत्व की ओर अग्रसर कर दिया। उस समय तक अधिकांश देश **"सोने के मानक"** का पालन करते थे, जिसमें मुद्रा की वैधता सोने की निश्चित मात्रा से तय होती थी। लेकिन युद्ध की विभीषिका और आर्थिक अस्थिरता ने इस प्रणाली को कमजोर कर दिया था। ऐसे में एक नई, व्यावहारिक और स्थिर मौद्रिक व्यवस्था की आवश्यकता महसूस की गई।

ब्रेटन वुड्स समझौते के तहत यह तय हुआ कि वैश्विक मुद्राओं की विनिमय दर अमेरिकी डॉलर से जुड़ी होगी, और अमेरिकी डॉलर की कीमत सोने से तय होगी **1 औंस सोना = 35 डॉलर**। चूंकि अमेरिका के पास उस समय दुनिया का सबसे बड़ा स्वर्ण भंडार था, इसलिए डॉलर को यह विशेष दर्जा मिला। इस व्यवस्था ने डॉलर को "विश्व मुद्रा" बना दिया।

4.9. निक्सन और ब्रेटन वुड्स प्रणाली का अंत, 1971–1973

15 अगस्त, 1971 को **राष्ट्रपति रिचर्ड एम. निक्सन** ने अपनी नई आर्थिक नीति की घोषणा की, जो "युद्ध-रहित नई समृद्धि लाने" का कार्यक्रम था। बोलचाल की भाषा में **"निक्सन शॉक"** के

नाम से प्रसिद्ध इस पहल ने द्वितीय विश्व युद्ध के अंत में स्थापित ब्रेटन वुड्स स्थिर विनिमय दरों की प्रणाली के अंत की शुरुआत की।

15 अगस्त, 1971 को राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन द्वारा अपनी नई आर्थिक नीति की घोषणा के दिन वित्त मंत्री जॉन कोनली। (निक्सन प्रेसिडेंशियल लाइब्रेरी)

ब्रेटन वुड्स प्रणाली के अंतर्गत, विदेशी मुद्राओं के बाह्य मूल्य अमेरिकी डॉलर के सापेक्ष निर्धारित होते थे, जिसका मूल्य कांग्रेस द्वारा निर्धारित **35 डॉलर प्रति औंस के सोने के मूल्य** पर व्यक्त किया जाता था। 1960 के दशक तक, विदेशी सहायता, सैन्य खर्च और विदेशी निवेश के कारण अमेरिकी डॉलर के अधिशेष ने इस प्रणाली को खतरे में डाल दिया, क्योंकि संयुक्त राज्य अमेरिका के पास दुनिया भर में प्रचलन में 35 डॉलर प्रति औंस की दर से डॉलर की मात्रा को कवर करने के लिए पर्याप्त सोना नहीं था; परिणामस्वरूप, डॉलर का अधिमूल्यन हो गया। राष्ट्रपति जॉन एफ. कैनेडी और लिंडन बी. जॉनसन ने डॉलर का समर्थन करने और ब्रेटन वुड्स को बनाए रखने के लिए कई उपाय अपनाए: विदेशी निवेश पर प्रतिबंध; विदेशी उधार पर प्रतिबंध; डॉलर के आधिकारिक बहिर्वाह को रोकने के प्रयास; अंतर्राष्ट्रीय मौद्रिक सुधार; और अन्य देशों के साथ सहयोग। कुछ भी कारगर नहीं हुआ।

इस बीच, विदेशी मुद्रा बाजारों के व्यापारी, यह मानते हुए कि डॉलर का अधिमूल्यन एक दिन अमेरिकी सरकार को इसका अवमूल्यन करने के लिए मजबूर करेगा, डॉलर बेचने के लिए अधिक इच्छुक साबित हुए। इसके परिणामस्वरूप डॉलर में समय-समय पर गिरावट आई।

डॉलर पर इसी तरह की मार पड़ी, और साथ ही इस बात के बढ़ते प्रमाण भी सामने आए कि डॉलर का अधिमूल्यन देश की विदेशी व्यापार स्थिति को कमज़ोर कर रहा था, जिसने राष्ट्रपति रिचर्ड एम. निक्सन को कार्रवाई करने के लिए प्रेरित किया। **13 अगस्त, 1971** को, निक्सन ने कार्ययोजना पर विचार करने के लिए कैंप डेविड प्रेसिडेंशियल रिट्रीट में अपने शीर्ष आर्थिक सलाहकारों की एक बैठक बुलाई, जिसमें वित्त मंत्री जॉन कॉनली और प्रबंधन एवं बजट कार्यालय के निदेशक जॉर्ज शुल्ट्ज़ शामिल थे।

बैठक में विदेश मंत्री विलियम रोजर्स और राष्ट्रपति के राष्ट्रीय सुरक्षा मामलों के सहायक हेनरी किसिंजर विशेष रूप से अनुपस्थित थे। दो दिनों की बातचीत के बाद, **15 अगस्त की शाम** को, निक्सन ने राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में **"शांति की चुनौती"** पर अपनी नई आर्थिक नीति की घोषणा की। इस बात पर ज़ोर देते हुए कि वियतनाम युद्ध में अमेरिकी भागीदारी को समाप्त करने में हुई प्रगति का अर्थ यह है कि अब समय आ गया है कि अमेरिकी वियतनाम-पश्चात विश्व की चुनौतियों पर ध्यान दें, **निक्सन ने तीन-स्तरीय कार्य निर्धारित किए**: "हमें अधिक और

बेहतर नौकरियाँ सृजित करनी होंगी; हमें जीवन-यापन की बढ़ती लागत को रोकना होगा; हमें डॉलर को अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा सट्टेबाजों के हमलों से बचाना होगा।" पहले दो लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए, उन्होंने कर कटौती और कीमतों व मज़दूरी पर 90 दिनों की रोक का प्रस्ताव रखा; तीसरे लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए, **निक्सन ने डॉलर की सोने में परिवर्तनीयता को निलंबित करने का निर्देश दिया।** उन्होंने यह भी आदेश दिया कि सभी शुल्क-योग्य आयातों पर 10 प्रतिशत का अतिरिक्त शुल्क लगाया जाए; डॉलर की सोने में परिवर्तनीयता को निलंबित करने की तरह, इस उपाय का उद्देश्य संयुक्त राज्य अमेरिका के प्रमुख व्यापारिक साझेदारों को अपनी मुद्राओं के मूल्य को ऊपर की ओर और अपने व्यापार अवरोधों के स्तर को नीचे की ओर समायोजित करने के लिए प्रेरित करना था ताकि संयुक्त राज्य अमेरिका से अधिक आयात हो सकें।

घरेलू स्तर पर सफल रहे निक्सन के भाषण ने विदेशों में कई लोगों को चौंका दिया, जिन्होंने इसे चिंताजनक एकतरफा कार्रवाई के रूप में देखा; कॉनली ने अपने विदेशी समकक्षों के साथ विनिमय दर पर आगामी वार्ताओं को जिस दृढ़तापूर्ण तरीके से संचालित किया, उससे ऐसी चिंताओं को कम करने में कोई मदद नहीं मिली। फिर भी, महीनों की बातचीत के बाद, दस औद्योगिक लोकतंत्रों के समूह (जी-10) ने दिसंबर 1971 के स्मिथसोनियन समझौते में अवमूल्यन किए गए डॉलर पर केंद्रित निश्चित विनिमय दरों के एक नए सेट पर सहमति व्यक्त की।

हालांकि निक्सन ने इसे "दुनिया के इतिहास में सबसे महत्वपूर्ण मौद्रिक समझौता" के रूप में वर्णित किया, स्मिथसोनियन समझौते में स्थापित विनिमय दरें लंबे समय तक नहीं चलीं। पंद्रह महीने बाद, फरवरी 1973 में, सट्टा बाजार के दबाव के कारण डॉलर का और अवमूल्यन हुआ और विनिमय समता का एक और सेट सामने आया मार्च 1973 में, जी-10 ने एक व्यवस्था को मंजूरी दी, जिसमें यूरोपीय समुदाय के छह सदस्यों ने अपनी मुद्राओं को एक साथ बांधा और संयुक्त रूप से अमेरिकी डॉलर के मुकाबले तैराया, एक ऐसा निर्णय जिसने प्रभावी रूप से ब्रेटन वुड्स की स्थिर विनिमय दर प्रणाली को छोड़ने और अस्थिर विनिमय दरों की वर्तमान प्रणाली के पक्ष में संकेत दिया।

https://history.state.gov/milestones/1969-1976/nixon-shock

अध्याय– 5

आधुनिक मुद्रा सृजन प्रक्रिया

आधुनिक मौद्रिक प्रणाली में मुद्रा सृजन मुख्यतः वाणिज्यिक बैंकों द्वारा किया जाता है, न कि किसी सरकारी टकसाल या केंद्रीय बैंक द्वारा प्रत्यक्ष रूप से। जब कोई वाणिज्यिक बैंक किसी ग्राहक को ऋण देता है, तो वह राशि उधारकर्ता के खाते में जमा कर दी जाती है। यह जमा राशि वास्तव में उस बैंक द्वारा नव निर्मित मुद्रा होती है जो पहले अस्तित्व में नहीं थी।

1960 के दशक में शिकागो फेडरल रिजर्व द्वारा प्रकाशित एक पुस्तिका **"मॉडर्न मनी मैकेनिक्स"** में स्पष्ट रूप से कहा गया था कि बैंक जमा किए गए पैसे को उधार नहीं देते हैं। इसके बजाय वे ऋण देते समय उधारकर्ताओं के लेन-देन खातों में जमा करने के बदले में 'प्रॉमिसरी नोट' स्वीकार करतेहैं।

इसका मतलब यह है कि जब आप ऋण लेने जाते हैं, तो बैंक पहले से जमा किए गए पैसे को ऋण के रूप में नहीं देते हैं बल्कि वे आपसे यह वादा करने के लिए कहते हैं कि आप उधार लिया गया पैसा ब्याज सहित और तय समय तक वापस कर देंगे। आपके वादे के बदले में वे आपको एक रसीद देते हैं, जिसे आप पैसे मानते हैं। **जब बैंक ऋण देता है, तो वह सीधे अर्थव्यवस्था में पैसा जोड़ता है।**

5.1. पैसा कैसे बनता है?

मान लीजिए **भारत सरकार** को सरकार चलाने के लिए ₹1,000 करोड़ की ज़रूरत है। तो वह जनता से टैक्स लेकर कुछ पैसा जुटाती है,लेकिन फिर भी कुछ कमी रह जाती है। अब सरकार ₹1,000 करोड़ के सरकारी बॉन्ड जारी करती है (वादा-पत्र कि “हम यह राशि ब्याज सहित लौटाएँगे”)। RBI उन बॉन्ड्स को खरीद लेता है,और बदले में सरकार के खाते में ₹1,000 करोड़ नया पैसा जमा कर देता है।

> सरकारी बांड की खरीद में बैंकिंग प्रणाली बिलकुल नया पैसा बनाती है। जब बैंक सरकार द्वारा जारी किए गए 1 अरब डॉलर के बांड खरीदता है, तो वो सरकारी खाते में 1 अरब डालॅर लिख देता है। इस तरह से सिर्फ वह खाते में लिखकर 1 अरब डॉलर पैदा कर देते हैं।
>
> \- **मेरिनर ऐकिलिस**

अब मान लिया जाए की भारत सरकार ईमानदार लोगों द्वारा संचालित है और किसी तरह का भ्रष्टाचार नहीं है, तो वह सारे रुपये जनकल्याण की योजना में खर्च कर देती है। पैसा जनता के पास पहुँचता है और जनता इस एक हज़ार रुपये को व्यावसायिक बैंकों, जैसे आई.सी.आई.सी.आई. बैंक, सिटी बैंक, एक्सिस बैंक इत्यादि में जमा कर देती है और बदले में बैंक उनके खाते में पैसा लिख देता है।

अब इस एक हज़ार के नोट को रखकर व्यावसायिक बैंक 9 गुणा कर सकता है। पैसे की मात्रा बढ़ने से आई महँगाई को रोकने का हवाला देकर अब केन्द्रीय बैंक इस एक हज़ार रुपये के बांड को व्यावसायिक बैंक को एक हज़ार रुपये में बेच देता है, जिसे **ओपन मार्केट ऑपरेशंस** कहा जाता है। अब आप देख पा रहे हैं कि केन्द्रीय बैंक द्वारा बनाया गया उसका 1,000 रुपये का नोट उसके पास वापस आ गया है, इस तरह केन्द्रीय बैंक पैसे ना बनाकर सिर्फ एक बिचौलिए का काम कर रहा है अब जब भी भारत सरकार को कर्ज की आवश्यकता पड़ती है तो वह केन्द्रीय बैंक के माध्यम से व्यावसायिक बैंक को कर्जेध्का बांड देती है और व्यावसायिक बैंको के पास कोई पैसा ना होते हुए भी वो उतना पैसा भारत सरकार के खाते में लिख देते हैं खर्च करने पर वह पैसा भारत सरकार के खाते से अब जनता के खाते में लिखा रहता है, केन्द्रीय बैंकों का काम सिर्फ खातों में लिखे गए पैसों के लिए रिज़र्व रखने के लिए बैंकों को आवश्यक पैसों की आपूर्ति करना होता है।

इसमें जब भी भारत सरकार या देश की जनता को कर्जध्लेने के लिए पैसे की आवश्यकता पड़ती है तो वे ब्याज समेत पैसा लौटाने का वायदा लिखकर व्यावसायिक बैंक के पास जाते हैं; जिसके बदले व्यावसायिक बैंक उतनी ही रकम आपके खाते में चढ़ा देता है। जिस पर सालाना लाखों-करोड़ों रुपया ब्याज माँगते हैं। खाते में लिखे गए पैसे का 10 प्रतिशत रिज़र्व के रूप में होना चाहिए, जिसे वे भारतीय रिजर्व बैंक से कर्ज पर लेते हैं।

इस तरह से देश के **95 प्रतिशत** पैसे बनाने का काम व्यावसायिक बैंकों का है। जो कि सिर्फ खातों में ही बनता है और लिखा रहता है। भारतीय रिज़र्व बैंक मात्र **5 प्रतिशत** पैसे ही बनाता है, जो कागज़ के नोट के रूप में दिखाई पड़ते हैं।

> जब एक बैंक कर्ज देता है तो यह केवल कर्ज की राशि बैंक अकाउंट में लिख देता है। यह पैसे बैंक किसी और के जमा किए गए पैसों से नहीं लेकर देता। यह पैसा उधार लेने वालों के लिए बैंकों ने नया बनाकर दिया होता है।
>
> - **रॉबर्ट बी. एंडरसन, अमेरिका के वित्त सचिव**

5.2. नए पैसे का मूल्य कैसे निर्धारित होता है?

मान लीजिए कोई चीज़ 100 रुपये में आती है और अब बैंकों ने नए पैसे बनाए और लोन दिए, जिससे देश में पैसे की मात्रा 10 प्रतिशत बढ़ गई। इससे उस चीज़ की कीमत 110 रुपये हो जाएगी बैंकों द्वारा नए पैसे बनाने और लोन देने से मुद्रा का मूल्य कम हो जाता है, जिससे महंगाई होती है यह महंगाई वास्तव में एक तरह की "चोरी" है, जिसमें बैंक हमारी जेब से मूल्य चुराकर लोन देते हैं और ब्याज कमाते हैं हर साल बैंक हमारा पैसा हमें उधार देकर ब्याज और महंगाई से लाखों करोड़ रुपये कमाते हैं महंगाई इसी बैंकिंग सिस्टम की देन है देश का प्रधानमंत्री कोई भी बने या किसी भी पार्टी की सरकार बने, इस सिस्टम को बदले बिना महंगाई पर काबू नहीं पाया जा सकता।

5.3. बेरोज़गारी, भूखमरी और लालच का वर्तमन मुद्रा से संबंध

बर्नार्ड लीटर जिन्होंने यूरोसिस्टम के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई लिखते हैं की लालच और प्रतिस्पर्धा अपरिवर्तनीय मानवीय स्वभाव नहीं हैं, बल्कि लालच और कमी का डर लगातार बनाया जाता है जो हमारे द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले पैसे (प्रतीकात्मक मुद्रा) का प्रत्यक्ष परिणाम है। इसका परिणाम यह है कि हम सभी को खिलाने के लिए पर्याप्त से अधिक भोजन का उत्पादन कर सकते हैं और दुनिया में हर किसी के लिए पर्याप्त काम निश्चित रूप से है, लेकिन इन सभी को भुगतान करने के लिए पर्याप्त धन नहीं है कमी हमारी राष्ट्रीय मुद्रा में है, वास्तव में केंद्रीय बैंकों का यह काम ही है कि वे मुद्रा की कमी करें और इसे बनाए रखें, और इसका सीधा परिणाम यह है कि हमें जीवित रहने के लिए एक दूसरे से लड़ना पड़ता है।

> भूखमरी का मुख्य कारण भोजन की कमी नहीं, बल्कि वितरण तंत्र की असमानता है। हम हर साल विश्व स्तर पर जरूरत से अधिक भोजन का उत्पादन करते हैं, लेकिन धन और संसाधनों की असमानता के कारण यह भोजन सभी तक नहीं पहुंच पाता। परिणामस्वरूप, एक तरफ संपन्न समाजों में भोजन की बर्बादी होती है, और दूसरी तरफ गरीब तबके भूख से पीड़ित होते हैं।

Federal Reserve Act, 1913

नोट निर्गम

धारा 16. फेडरल रिजर्व नोट्स, फेडरल रिजर्व सिस्टम के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के विवेकाधिकार पर जारी किए जाएंगे, जिनका उद्देश्य फेडरल रिजर्व एजेंटों के माध्यम से फेडरल रिजर्व बैंकों को अग्रिम राशि देना है जैसा कि आगे बताया गया है और किसी अन्य उद्देश्य के लिए नहीं। इस प्रकार के नोटों की अधिकृत अनुमति दी जाती है। ये नोट संयुक्त राज्य अमेरिका के दायित्व होंगे और सभी राष्ट्रीय तथा सदस्य बैंकों, फेडरल रिजर्व बैंकों और सभी कर, सीमा शुल्क और अन्य सार्वजनिक देयताओं के लिए स्वीकार्य होंगे। इन नोटों को संयुक्त राज्य सरकार के ट्रेजरी विभाग, वॉशिंगटन नगर, कोलंबिया जिला, या किसी भी फेडरल रिजर्व बैंक में मांग पर वैध मुद्रा में बदला जा सकता है। [12 U.S.C. 411]

वैध मुद्रा में बदलने का अर्थ पहले सोना या चाँदी होता था,लेकिन 1971 के बाद इसका अर्थ बदल गया अब इसका मतलब केवल नया नोट या प्रचलित मुद्रा है।



This note is legal tender for all debts, public and private.
यह नोट सभी सार्वजनिक और निजी देयों के भुगतान के लिए वैध मुद्रा है।

5.4. "GUARANTEED BY THE CENTRAL GOVERNMENT"

आपको जानकर हैरानी होगी कि भारतीय जनता की सारी मेहनत एक गारंटी पर टिकी हुई है, जो इस प्रकार है : **"GUARANTEED BY THE CENTRAL GOVERNMENT"** अगर आपको विश्वास नहीं है, तो आप अपने जेब में रखे 10, 20, 100 या किसी भी मूल्य के रुपया के नोट को निकालिए और उसके कोने पर लिखा यह गारंटी देखिए।
यदि कभी केंद्र सरकार अपनी गारंटी वापस ले ली तो भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी किसी भी रुपया के नोट (बैंक नोट) का मूल्य शून्य हो जाएगा। ऐसे में आपकी समस्त मेहनत और पूंजी केवल कागज़ के टुकड़ों में तब्दील होकर रह जाएगी।

जैसे :- **8 नवंबर 2016** की वह ऐतिहासिक रात जब भारत के प्रधानमंत्री **श्री नरेंद्र मोदी** ने नोटबंदी की घोषणा की तो देश के आर्थिक और सामाजिक ताने-बाने को हिला कर रख दिया। इस अभूतपूर्व फैसले के तहत ₹500 और ₹1000 के नोटों को तत्काल प्रभाव से अवैध घोषित कर दिया गया। तथा लोगों को अपने पुराने नोटों को बैंक में जमा करने के लिए एक सीमित समय भी दिया गया था तथा वे नोट जो कभी हर जेब और तिजोरी में अपनी अहमियत के साथ सुरक्षित थे, आज केवल रद्दी के कागज के सिवा कुछ भी नहीं रह गए हैं।

और भविष्य में भी ऐसा समय आयेगा जब सरकार यह घोषणा करेगी कि आज से सभी रुपये के नोट अवैध घोषित किए जाते हैं और उस समय आपको अपने पुराने नोट जमा करने का कोई अवसर या समय सीमा भी नहीं दी जाएगी और उस समय आपकी मेहनत और पूंजी जो कभी कागज़ के इन नोटों में सहेजी गई थी एक झटके में निरर्थक हो जाएगी और आप कुछ नहीं कर सकेंगे।



अध्याय– 6

कर्ज-आधारित मुद्रा व्यवस्था

वर्तमान विश्व की आर्थिक संरचना मुख्य रूप से कर्ज-आधारित मुद्रा व्यवस्था पर टिकी हुई है। इस व्यवस्था में जब बैंक कर्ज देते हैं, उसी क्षण नई मुद्रा का जन्म होता है। देखने में यह व्यवस्था विकास और निवेश को बढ़ावा देने वाली प्रतीत होती है, परंतु इसके दीर्घकालिक परिणाम समाज में गहरी आर्थिक असमानता को जन्म देते हैं।

कर्ज-आधारित मुद्रा व्यवस्था में मुद्रा सृजन का अधिकार कुछ सीमित बैंकों और वित्तीय संस्थानों के हाथों में केंद्रित होता है। यही संस्थाएँ तय करती हैं कि किसे कर्ज मिलेगा और किन शर्तों पर मिलेगा। जिनके पास पहले से संपत्ति, पूँजी और राजनीतिक-आर्थिक पहुँच होती है, उन्हें आसानी से और कम ब्याज पर ऋण उपलब्ध हो जाता है। इसके विपरीत गरीब, किसान, मजदूर और छोटे व्यापारी या तो कर्ज से वंचित रह जाते हैं या ऊँचे ब्याज और कठोर शर्तों में फँस जाते हैं। इस प्रकार धन का प्रवाह उन्हीं की ओर होता है, जिनके पास पहले से धन मौजूद होता है।

इस प्रणाली के कारण बड़ी कंपनियों का वर्चस्व लगातार बढ़ता है। उन्हें सस्ता और भारी ऋण उपलब्ध हो जाता है, जिससे वे बाजार पर कब्जा कर लेती हैं। दूसरी ओर, छोटे उद्योग और स्थानीय व्यवसाय कर्ज के बोझ तले दबकर या तो बंद हो जाते हैं या बड़े पूँजीपतियों पर निर्भर हो जाते हैं। जिसके परिणामस्वरूप अमीर और गरीब की बीच की खाई लगातार बढती जाती है। तथा आर्थिक शक्ति कुछ हाथों में केंद्रित होती जाती है, जो न केवल आर्थिक असमानता उत्पन्न करती है बल्कि सामाजिक असंतुलन और अन्याय को भी बढ़ावा देती है।

इस व्यवस्था का सबसे बड़ा नुकसान यह है कि हर नई मुद्रा के साथ कर्ज और ब्याज भी पैदा होता है। लेकिन अर्थव्यवस्था में उतनी मुद्रा मौजूद नहीं होती, जितनी ब्याज चुकाने के लिए आवश्यक हो। परिणामस्वरूप **समाज** हमेशा **कर्ज के चक्र** में फँसा रहता है। और जब यह व्यवस्था संकट में पड़ती है, तब भी इसका भार समान रूप से नहीं बँटता।

बैंकिंग संकट या आर्थिक मंदी के समय सरकारें बड़े बैंकों और कंपनियों को बचाने के लिए जनता के कर का उपयोग करती हैं। दूसरी ओर किसान, छोटे व्यापारी और मजदूर अपनी जमीन, घर और रोजगार खो देते हैं। इस तरह लाभ निजी हाथों में चला जाता है और नुकसान समाज के कमजोर वर्ग पर डाल दिया जाता है।

“निजी लाभ, सार्वजनिक नुकसान

भारत के सबसे **धनी 1%** लोग **कुल संपत्ति के 40%** से अधिक हिस्से पर नियंत्रण रखते हैं। वहीं, देश की सबसे गरीब **50% आबादी** के पास देश की संपत्ति का केवल लगभग **3%** हिस्सा है।

Survival of the Richest
The India Story

अध्याय– 7

फ्रैक्शनल रिज़र्व बैंकिंग

(Fractional Reserve Banking)

> फ्रैक्शनल रिज़र्व बैंकिंग एक ऐसी बैंकिंग प्रणाली है जिसमें बैंक अपने ग्राहकों से जमा की गई राशि का केवल एक छोटा हिस्सा रिजर्व के रूप में रखते हैं और बाकी राशि को उधार देते हैं या निवेश करते हैं। यह प्रणाली मुद्रा निर्माण की प्रक्रिया को जन्म देती है।

1.**रिज़र्व की परिभाषा**
बैंक को अपने ग्राहकों की जमा राशि का एक निश्चित अनुपात (रिज़र्व) केंद्रीय बैंक या अपने पास नकद के रूप में रखना होता है। इसे कैश रिज़र्व रेशियो (CRR) या स्टैच्युटरी लिक्विडिटी रेशियो (SLR) कहा जाता है।

2.शेष राशि का उपयोग
बाकी धन राशि को बैंक उधार देने के लिए या निवेश के लिए इस्तेमाल करते हैं।

3.**मुद्रा सृजन**
जब बैंक उधार देते हैं, तो वे प्रभावी रूप से नई "मुद्रा" का सृजन करते हैं, क्योंकि उधार ली गई राशि बैंकिंग प्रणाली में फिर से जमा की जाती है, जिससे और उधार दिया जा सकता है।

- **CRR (कैश रिज़र्व रेशियो)** CRR वह न्यूनतम प्रतिशत है जो बैंकों को अपने कुल जमा का एक हिस्सा नकद के रूप में केंद्रीय बैंक (जैसे भारतीय रिज़र्व बैंक) के पास रखना होता है। इसका मतलब यह है कि बैंक अपने ग्राहकों द्वारा जमा किए गए धन का कुछ हिस्सा उधार नहीं दे सकते और उसे नकद के रूप में रिज़र्व रखना होता है।

- **SLR (Statutory Liquidity Ratio)** SLR वह न्यूनतम प्रतिशत है जो बैंक को अपने कुल जमा का एक हिस्सा तरल संपत्तियों जैसे गवर्नमेंट सिक्योरिटी (सरकारी बॉन्ड), सोना, और नकदी के रूप में रखना होता है। यह केंद्रीय बैंक (जैसे भारतीय रिज़र्व बैंक) द्वारा निर्धारित किया जाता है।

<u>फ्रैक्शनल रिज़र्व बैंकिंग (10% रिजर्व रेशियो, ₹100 प्रारंभिक जमा)</u>

7.1. प्रक्रिया कैसे चलती है?

चरण 1:

- ग्राहक बैंक में ₹100 जमा करता है।
- बैंक ₹100 की रसीद देता है (जो मनी सप्लाई में गिनी जाती है)।
- बैंक ₹10 को रिज़र्व रखता है (10%)।
- ₹90 को कर्ज देता है ।
- अब मनी सप्लाई = ₹100 (रसीद)+₹90 (कर्ज) = ₹190

चरण 2:

- ₹90 जिसे कर्ज दिया गया था, वह भी किसी और बैंक में जमा हो जाता है।
- फिर वही प्रक्रिया दोहराई जाती है:

o ₹9 रिज़र्व रखा जाता है।

o ₹81 कर्ज में दिया जाता है।

o मनी सप्लाई बढ़कर ₹190 + ₹81 = ₹271

इसी तरह पूरी प्रक्रिया कई बार चलती है...

मुख्य बिंदु:

1.बैंक द्वारा ₹100 की असली जमा से ₹1000 तक का कृत्रिम पैसा बनाया जाता है।

2.बैंक केवल 10% रिज़र्व रखकर 90% बार-बार उधार देता है।

3.यह प्रक्रिया कर्ज पर आधारित मुद्रा बनाती है, न कि संपत्ति।

4.यही फ्रैक्शनल रिज़र्व बैंकिंग का आधार है।

5.यह प्रणाली खाता-बही पर आधारित होती है।

अब यहाँ आपका एक प्रश्न स्वाभाविक रूप से उठ सकता है—"आखिर ₹100 की जमा राशि से ₹1000 तक कैसे बन सकता है?"

तो इसका उत्तर है – धन गुणक प्रभाव, जिसे अंग्रेज़ी में Money Multiplier Effect कहा जाता है।

7.2. Money Multiplier Effect (धन गुणक प्रभाव)

Money Multiplier Effect (मुद्रा गुणक प्रभाव) वह प्रक्रिया है जिसमें बैंकिंग प्रणाली में एक छोटा प्रारंभिक जमा कई बार ऋण और जमा के रूप में घूमकर, कुल मुद्रा आपूर्ति को कई गुना बढ़ा देता है।

बैंक अपने पास आई जमा राशि का एक अंश रखते हैं और बाकी को ऋण के रूप में दे देते हैं। यह ऋण फिर से किसी दूसरे बैंक में जमा होता है, और वह बैंक भी इसी प्रक्रिया को दोहराता है। इस तरह, बैंकिंग सिस्टम एक छोटी सी प्रारंभिक जमा राशि से अर्थव्यवस्था में काफी ज्यादा मुद्रा आपूर्ति उत्पन्न कर देता है।

यहाँ एक चार्ट प्रस्तुत है जो फ्रैक्शनल रिज़र्व बैंकिंग प्रणाली को स्पष्ट करता है।
फ्रैक्शनल रिज़र्व बैंकिंग चार्ट (10% रिजर्व रेशियो, ₹100 प्रारंभिक जमा)

जमा राशी	रसीद	पैसे की मात्रा	रिजर्व	कर्ज	ब्याज (6%)	पैसे की मात्र
100	100	100	10	90	5.4	190
90	90	190	9	81	4.86	271
81	81	271	8.1	72.9	4.37	343.9
72.9	72.9	343.9	7.3	65.6	3.93	409.5
65.6	65.6	409.5	6.6	59	3.54	468
59	59	468.5	5.9	53.1	3.18	521.6
..	..	..	..	..	..	..
..	..	..	..	..	..	..
..	..	..	..	..	..	..
..	..	..	..	..	..	..
1000	1000	1000	100	900	54	1000

यदि किसी बैंक के पास ₹100 की वास्तविक जमा राशि है और उसका आरक्षित अनुपात (Reserve Ratio) 10% है, तो वह बैंक कुल ₹1000 तक का ऋण प्रदान कर सकती है।

अध्याय– 8

बैंक लोन कैसे देता है?

जब किसी को लोन की जरूरत होती है, तो बैंक सुनार की तरह आपसे एक वचन लिखवा लेते हैं कि आपको लोन ब्याज सहित तय समय तक वापस करना होगा। इसके बदले में वे आपको लोन देने की बात करते हैं लेकिन चूंकि असली पैसा नहीं होता है, तो वे बस आपके खातों में लिख देते हैं और आपसे ब्याज वसूलते हैं।

उदाहरण के लिए अगर किसी को एक लाख रुपए का लोन चाहिए तो बैंक उसे दे देते हैं और आपके खातों में लिख देते हैं। लेकिन वे सिर्फ 10,000 रुपए रिजर्व के तौर पर रखते हैं, जो वे रिजर्व बैंक से उधार लेते हैं। बाकी के 90,000 रुपए सिर्फ कागजों पर होते हैं, जिन्हें वे आपके खातों में लिख देते हैं और आपसे ब्याज वसूलते हैं।

उदाहरण से समझें:

अगर आपको 1 लाख रुपए का लोन चाहिए:

- बैंक आपके खाते में 1 लाख रुपए की एंट्री कर देगा।
- इसमें से केवल 10,000 रुपए (10% रिजर्व) असली धन के रूप में होगा।
- शेष 90,000 रुपए केवल "डिजिटल एंट्री" या "आभासी पैसा" होगा।

इस प्रकार, बैंक ने बिना असली पैसा दिए ही "क्रेडिट" के रूप में नया धन बना दिया।

{बैंकों की लोन देने की प्रक्रिया कि प्रक्रिया "क्रेडिट सृजन" पर आधारित है, जिसमें बैंक न्यूनतम रिजर्व रखते हुए अधिक पैसा उधार देते हैं। इस प्रक्रिया से बैंक न केवल ब्याज से लाभ कमाते हैं, बल्कि यह महंगाई और मुद्रा आपूर्ति में वृद्धि का भी कारण बनती है।}

8.1. बैंक का पूरा लोन चुका पाना असंभव क्यों?

ब्याज चुकाने के लिए लोन लेना पड़ता है, और जब भी कोई नया लोन लिया जाता है तो उस पर और ब्याज देना पड़ता है और उसे चुकाने के लिए और लोन लेना पड़ता है, इस तरह हम कर्ज के जाल में फंस जाते हैं। पैसा ही कर्ज है, इसलिए इस व्यवस्था में कभी भी कर्ज मुक्त होना असंभव है। इस व्यवस्था में अगर सारा पैसा वापस भी कर दिया जाए तो भी हमारे ऊपर कर्ज रहेगा क्योंकि देश में पैसे से ज्यादा कर्ज है, जो ब्याज की व्यवस्था के कारण है।

उदाहरण : यदि बैंक ने 100 करोड़ रुपये का लोन दिया और 5% ब्याज मांगा, तो कुल चुकाई जाने वाली राशि 105 करोड़ रुपये होगी। लेकिन अर्थव्यवस्था में केवल 100 करोड़ रुपये ही हैं। तो ये कैसे संभव है?

पैसा = कर्ज → बैंकिंग प्रणाली में जब बैंक किसी को लोन देता है, तो वह लोन **पैसा** बन जाता है तथा बाजार में मौजूद लगभग सभी पैसा वास्तव में किसी न किसी के लिए एक **कर्ज** है।

- वर्तमान में **भारत में कुल मुद्रा संचलन ₹37,87,602 करोड़** है, जबकि **देश का आंतरिक ऋण एवं अन्य देनदारियाँ ₹1,75,55,988.60 करोड़** से अधिक हैं।

8.2. बैंको का ब्याज कहां से आता है?

पूरी बैंकिंग व्यवस्था केवल मूलधन ही उत्पन्न करती है, ब्याज नहीं। तो सवाल उठता है कि ब्याज आखिर कहां से आता है? इसे समझने के लिए एक उदाहरण देखते हैं :-
मान लीजिए किसी बैंक ने 100 लोगों को 100-100 रुपए का लोन दिया और मान लीजिए सरकार ने भी बैंक से 10,000 रुपए का लोन लिया इस तरह कुल कर्ज 20,000 रुपए हुआ इस पर 10 प्रतिशत वार्षिक ब्याज लगाया गया, इसलिए एक साल बाद हमें बैंक को 22,000 रुपए लौटाने होंगे लेकिन बैंक ने कुल 20,000 रुपए ही जारी किए हैं, जिससे प्रचलन में कुल राशि 20,000 रुपए ही है।

इस स्थिति में 2,000 रुपए ब्याज के रूप में लौटाना असंभव है। यह प्रक्रिया कुर्सियों के खेल की तरह है, जिसमें कुर्सियां कम और खेलने वाले लोग ज्यादा हैं जब ताली बजाई जाती है तो सभी को कुर्सियों पर बैठना होता है, लेकिन कुर्सियों की कमी के कारण सभी लोग कुर्सियों पर नहीं बैठ पाते किसी को हर समय खड़ा रहना पड़ता है और यह खेल लगातार चलता रहता है।


> ऋण/धन सृजन की प्रक्रियाः वाणिज्यिक बैंकों द्वारा वास्तव में नोट छापने या सिक्के ढालने से धन का सृजन नहीं किया जाता है। धन का सृजन जनता को ऋण और अग्रिम राशि प्रदान करके तथा ऋण देने वाले बैंकों की खाता बही में प्रासंगिक प्रविष्टियाँ करके किया जाता है। आम तौर पर, बैंक द्वारा दिए गए ऋण की राशि उसके द्वारा प्राप्त जमा राशि से अधिक होती है।
>
> \- **Senior Secondary Course Economics (318)**

अध्याय– 9

भविष्य की मुद्रा

डिजिटल तकनीक के बढ़ते विकास के साथ आज विश्व की वित्तीय व्यवस्था भी तेजी से बदल रही है। पहले जहाँ अधिकांश लेन-देन नकद मुद्रा के माध्यम से किए जाते थे, वहीं अब डिजिटल भुगतान का उपयोग लगातार बढ़ रहा है। इसी परिवर्तन को देखते हुए अनेक देशों के केंद्रीय बैंकों ने अपनी डिजिटल मुद्रा विकसित करने की दिशा में कदम बढ़ाए हैं। भारत में इस डिजिटल मुद्रा को "डिजिटल रुपया (e₹)" या "केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा (CBDC)" कहा जाता है, जिसे भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) द्वारा जारी किया जाता है।

CBDC (Central Bank Digital Currency) किसी देश के केंद्रीय बैंक द्वारा जारी की जाने वाली आधिकारिक डिजिटल मुद्रा है। यह देश की मुद्रा का डिजिटल स्वरूप है और इसे वैधानिक मुद्रा (Legal Tender) का दर्जा प्राप्त होता है। भारत में CBDC को **डिजिटल रुपया (e₹)** के नाम से जाना जाता है।



9.1. डिजिटल रुपया के प्रकार

डिजिटल रुपया मुख्यतः दो प्रकार का होता है—

1. होलसेल CBDC (CBDC-W) : होलसेल CBDC का उपयोग मुख्य रूप से सरकार द्वारा चयनित बैंकों एवं वित्तीय संस्थानों के बीच बड़े वित्तीय लेन-देन के लिए किया जाता है। इसका उद्देश्य बैंकिंग प्रणाली को अधिक कुशल, तेज़ एवं सुरक्षित बनाना है।

2. रिटेल CBDC (CBDC-R) : रिटेल CBDC आम नागरिकों, व्यापारियों तथा व्यवसायों के उपयोग के लिए उपलब्ध कराया जाता है। इसका उपयोग दैनिक खरीदारी, धन हस्तांतरण तथा अन्य सामान्य भुगतान कार्यों में किया जा सकता है।

9.2. डिजिटल रुपया के लाभ

डिजिटल रुपया के अनेक महत्वपूर्ण लाभ हैं—

- इसे नकद की तरह जेब में रखने की आवश्यकता नहीं होती।
- **सरकार देश में आने-जाने वाले धन के प्रवाह की बेहतर निगरानी कर सकती है।**
- नकली नोटों की समस्या पर प्रभावी नियंत्रण संभव है।
- कागज़ी नोटों की छपाई, परिवहन और रखरखाव पर होने वाला खर्च कम होता है।
- डिजिटल रुपया सुरक्षित डिजिटल प्रणाली पर आधारित होने के कारण इसकी सुरक्षा अधिक होती है।
- नोटों के फटने, खोने या नष्ट होने का जोखिम समाप्त हो जाता है।
- **इसका उपयोग डिजिटल वॉलेट के माध्यम से सरलता से किया जा सकता है।**
- छोटे एवं बड़े दोनों प्रकार के भुगतान तुरंत किए जा सकते हैं।
- **डिजिटल अर्थव्यवस्था और कैशलेस लेन-देन को बढ़ावा मिलता है।**
- भविष्य में अंतरराष्ट्रीय भुगतान को भी अधिक तेज़ और कम लागत वाला बनाया जा सकता है।

9.3. डिजिटल रुपया (CBDC) की हानियाँ

1. डिजिटल रुपया से किए गए लेन-देन का रिकॉर्ड सुरक्षित रहता है, जिससे उपयोगकर्ताओं की वित्तीय गोपनीयता प्रभावित हो सकती है।
2. डिजिटल मुद्रा के माध्यम से किए गए प्रत्येक लेन-देन पर सरकार और केंद्रीय बैंक अधिक प्रभावी निगरानी रख सकते हैं, जिससे कुछ लोग व्यक्तिगत स्वतंत्रता को लेकर चिंता व्यक्त करते हैं।
3. फिजिकल कैश पर पुरी तरीके से मालिक का कंट्रोल बना रहता है जबकि डिजिटल करेंसी पर गवर्नमेंट का कंट्रोल होगा।
4. यद्यपि CBDC को सुरक्षित तकनीक पर विकसित किया जाता है, फिर भी साइबर हमलों, तकनीकी त्रुटियों या सिस्टम विफलता का जोखिम पूरी तरह समाप्त नहीं होता।
5. डिजिटल रुपया का उपयोग करने के लिए मोबाइल फोन, डिजिटल वॉलेट तथा कई मामलों में इंटरनेट की आवश्यकता होती है। दूरस्थ क्षेत्रों में यह चुनौती बन सकता है।
6. सर्वर, नेटवर्क या बिजली की समस्या होने पर लेन-देन अस्थायी रूप से बाधित हो सकते हैं।

वर्तमान में भारत तकनीकी रूप से पूर्णतः आत्मनिर्भर नहीं है। हमारे पास न तो मोबाइल उपकरणों के लिए Android जैसा अपना स्वदेशी सॉफ़्टवेयर है और न ही कंप्यूटर व लैपटॉप के लिए Microsoft जैसा कोई सक्षम स्वदेशी विकल्प।

9.4. यूनिवर्सल बेसिक इनकम (Universal Basic Income - UBI)

कल्पना कीजिए एक ऐसे भविष्य की, जहाँ व्यक्ति को हर महीने अपने जीवन की मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सरकार की ओर से एक निश्चित आर्थिक सहायता प्राप्त हो। यह विचार किसी कल्पना मात्र का विषय नहीं है, बल्कि आधुनिक अर्थव्यवस्था में तेजी से चर्चा का विषय बन रहा है —

यूनिवर्सल बेसिक इनकम (Universal Basic Income - UBI)।

यूनिवर्सल बेसिक इनकम का अर्थ है कि सरकार देश के प्रत्येक नागरिक को बिना किसी शर्त के एक निश्चित राशि नियमित रूप से प्रदान करे। इसका उद्देश्य प्रत्येक व्यक्ति को न्यूनतम आर्थिक सुरक्षा देना है, ताकि वह भोजन, स्वास्थ्य, शिक्षा और अन्य आवश्यकताओं को पूरा कर सके।

UBI की आवश्यकता क्यों है?

आज दुनिया तेजी से तकनीकी परिवर्तन के दौर से गुजर रही है। **आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI), रोबोटिक्स और ऑटोमेशन** ने काम करने के तरीके को पूरी तरह बदलना शुरू कर दिया है। फैक्ट्रियों में रोबोट इंसानों की जगह ले रहे हैं, ग्राहक सेवा में चैटबॉट का उपयोग बढ़ रहा है और कई क्षेत्रों में मशीनें मानव श्रम का विकल्प बन रही हैं। तकनीक का विकास मानव जीवन को आसान बना रहा है, लेकिन इसके साथ रोजगार की सुरक्षा को लेकर चिंताएँ भी बढ़ रही हैं। भविष्य में कई ऐसे कार्य, जो आज मनुष्य करते हैं, उन्हें मशीनें अधिक तेजी और दक्षता से कर सकती हैं।

मस्क कहते हैं:


"In the future, we will see more and more automation. There will be fewer jobs that a robot can't do better. That's why we'll need Universal

अध्याय– 10

महामंदी 1929

महामंदी, 1929 में शुरू हुई और लगभग 1939 तक चली एक विश्वव्यापी आर्थिक मंदी थी। यह औद्योगिक पश्चिमी दुनिया द्वारा अनुभव की गई अब तक की सबसे लंबी और सबसे गंभीर मंदी थी, जिसने आर्थिक संस्थानों, व्यापक आर्थिक नीति और आर्थिक सिद्धांत में मूलभूत परिवर्तन लाए।

संयुक्त राज्य अमेरिका में महामंदी के कारण उत्पादन में भारी गिरावट, भीषण बेरोजगारी और दुनिया के लगभग हर देश में तीव्र अपस्फीति हुई। इसके सामाजिक और सांस्कृतिक प्रभाव भी कम भयावह नहीं थे, विशेष रूप से संयुक्त राज्य अमेरिका में, जहाँ महामंदी अमेरिकी गृहयुद्ध के बाद से अमेरिकियों द्वारा झेली गई सबसे कठिन विपत्ति थी।



10.1. बैंकिंग घबराहट और मौद्रिक संकुचन

कुल मांग को अगला झटका 1930 की शरद ऋतु में लगा, जब चार लहरों में से पहली लहर आई। अमेरिका में बैंकिंग संकट छा गया। बैंकिंग संकट तब उत्पन्न होता है जब कई जमाकर्ता एक साथ बैंकों की वित्तीय स्थिति पर विश्वास खो देते हैं और अपनी जमा राशि नकद में वापस करने की मांग करते हैं।



अमेरिका ने 1930 के पतझड़, 1931 के वसंत, 1931 के पतझड़ और 1932 के पतझड़ में व्यापक बैंकिंग संकट का अनुभव किया। संकट की अंतिम लहर 1933 की सर्दियों तक जारी रही और राष्ट्रीय "राष्ट्रपति फ्रैंकलिन डी. रूजवेल्ट ने 6 मार्च, 1933 को " बैंक अवकाश " घोषित किया। इस अवकाश के दौरान सभी बैंक बंद रहे और सरकारी निरीक्षकों द्वारा दिवालियापन की

पुष्टि होने के बाद ही उन्हें दोबारा खोलने की अनुमति दी गई। इस संकट ने अमेरिकी बैंकिंग प्रणाली को बुरी तरह प्रभावित किया।

10.2. महामंदी के दौरान किन वर्गों को अपेक्षाकृत लाभ मिला?

1929 की महामंदी (Great Depression) विश्व इतिहास की सबसे बड़ी आर्थिक आपदाओं में से एक थी। इस संकट ने करोड़ों लोगों को बेरोजगारी, गरीबी और आर्थिक अस्थिरता की ओर धकेल दिया। लेकिन इस गंभीर आर्थिक गिरावट के बीच कुछ ऐसे वर्ग भी थे जिन्हें प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से लाभ मिला।

महामंदी से पहले अमेरिका और यूरोप में शेयर बाजार तेजी से बढ़ रहा था और सट्टेबाजी का माहौल बना हुआ था। कई निवेशक उधार लेकर शेयर खरीद रहे थे और बाजार की कीमतें वास्तविकता से कहीं अधिक बढ़ गई थीं। जब 1929 में बाजार गिरा, तो अधिकांश छोटे निवेशक पूरी तरह बर्बाद हो गए, लेकिन कुछ बड़े और अनुभवी वित्तीय खिलाड़ियों ने इस संकट को अवसर में बदल दिया। जब बाजार में भारी गिरावट आई और शेयरों की कीमतें बहुत नीचे चली गईं, तब इन मजबूत निवेशकों ने उन्हीं अच्छी कंपनियों के शेयर बहुत कम दाम पर खरीद लिए। इस तरह उन्होंने भविष्य में जब बाजार सुधरा, तो भारी मुनाफा कमाया।

इसके अलावा, कुछ बड़े बैंक और वित्तीय संस्थान भी इस संकट से मजबूत होकर निकले। कई छोटे बैंक और कमजोर वित्तीय संस्थान दिवालिया हो गए, जिसके बाद उनके ग्राहक, संपत्ति और बाजार हिस्सेदारी बड़े बैंकों के पास चली गई। इससे वित्तीय क्षेत्र में शक्ति का केंद्रीकरण बढ़ गया और कुछ बड़ी संस्थाओं का प्रभाव और अधिक मजबूत हो गया।

इसी तरह, कुछ बड़ी कंपनियाँ जो इस संकट को झेलने में सक्षम थीं, उन्हें भी अप्रत्यक्ष लाभ हुआ। जैसे ही कमजोर कंपनियाँ बाजार से बाहर हो गईं, प्रतिस्पर्धा कम हो गई और मजबूत कंपनियों के लिए अपने व्यापार का विस्तार करना आसान हो गया। लंबे समय में इससे उनका बाजार नियंत्रण बढ़ गया।

हालाँकि, यह स्पष्ट रूप से समझना जरूरी है कि यह लाभ बहुत सीमित वर्गों तक ही रहा। महामंदी का सबसे बड़ा प्रभाव आम जनता, मजदूरों, किसानों और मध्यम वर्ग पर पड़ा, जिन्होंने अपनी नौकरियाँ, बचत और जीवन की स्थिरता खो दी। करोड़ों लोग बेरोजगार हो गए और लाखों परिवार गरीबी में चले गए। कई परिवार भोजन, घर और बुनियादी जरूरतों के लिए संघर्ष करने लगे।

10.3. "New Deal"

न्यू डील के अधिकांश कानून रूजवेल्ट के राष्ट्रपति पद के पहले तीन महीनों (9 मार्च-16 जून, 1933) के भीतर लागू किए गए थे, जिन्हें सौ दिन के नाम से जाना जाता है। नए प्रशासन का पहला उद्देश्य देश के बड़ी संख्या में वंचितों की पीड़ा को कम करना था।

"New Deal" अमेरिका में महामंदी (**Great Depression**) के दौरान शुरू किया गया एक बड़ा आर्थिक और सामाजिक सुधार कार्यक्रम था। इसे अमेरिकी राष्ट्रपति **Franklin D. Roosevelt** ने 1933 में शुरू किया था, जब अमेरिका गंभीर आर्थिक संकट, बेरोजगारी और गरीबी से जूझ रहा था।

1929 की महामंदी के बाद अमेरिका की अर्थव्यवस्था लगभग टूट चुकी थी। हजारों बैंक बंद हो गए थे, उद्योग ठप पड़ गए थे और करोड़ों लोग बेरोजगार हो चुके थे। जनता का सरकार और आर्थिक व्यवस्था पर भरोसा कमजोर हो गया था। ऐसे समय में Roosevelt ने **"New Deal"** नामक कार्यक्रम लागू किया, जिसका उद्देश्य केवल अर्थव्यवस्था को बचाना ही नहीं बल्कि आम जनता को राहत देना और भविष्य में ऐसे संकटों को रोकना भी था।

New Deal मुख्य रूप से तीन उद्देश्यों पर आधारित था, जिन्हें अक्सर **"3 Rs"** कहा जाता है:

- **Relief (राहत)** – गरीबों और बेरोजगारों को तुरंत सहायता देना
- **Recovery (पुनर्प्राप्ति)** – अर्थव्यवस्था को फिर से चलाना
- **Reform (सुधार)** – भविष्य में ऐसे संकट रोकने के लिए व्यवस्था में बदलाव करना


सरकार ने बड़े पैमाने पर रोजगार योजनाएँ शुरू कीं। सड़कों, पुलों, बांधों, सरकारी भवनों और अन्य सार्वजनिक परियोजनाओं का निर्माण कराया गया ताकि लोगों को काम मिल सके। लाखों बेरोजगारों को इन योजनाओं के माध्यम से रोजगार मिला। बैंकिंग क्षेत्र में भी बड़े सुधार किए गए। **कई कमजोर बैंकों को बंद किया गया और नए नियम बनाए गए ताकि लोगों की जमा पूंजी सुरक्षित रहे।** इसी दौरान बैंक जमा सुरक्षा जैसी व्यवस्थाएँ शुरू हुईं, जिससे जनता का विश्वास वापस बढ़ा। किसानों की मदद के लिए सरकार ने कृषि योजनाएँ लागू कीं और उद्योगों को पुनर्जीवित करने के लिए नए आर्थिक कानून बनाए गए।

अध्याय– 11

Helicopter Money

आधुनिक अर्थव्यवस्था में जब किसी देश पर गंभीर आर्थिक संकट, मंदी, बेरोजगारी या मांग की भारी कमी जैसी स्थिति आती है, तब सरकारें और केंद्रीय बैंक अर्थव्यवस्था को फिर से सक्रिय करने के लिए विभिन्न उपाय अपनाते हैं। इन्हीं विचारों में से एक महत्वपूर्ण अवधारणा है **"Helicopter Money"**।

Helicopter Money यह शब्द सुनने में असामान्य लगता है, लेकिन अर्थशास्त्र में इसका गहरा महत्व है। इसका संबंध इस विचार से है कि आर्थिक संकट के समय सरकार या केंद्रीय बैंक सीधे जनता तक पैसा पहुँचाकर बाजार में मांग और आर्थिक गतिविधि को बढ़ा सकते हैं।



"Helicopter Money" शब्द का प्रयोग प्रसिद्ध अर्थशास्त्री **Milton Friedman** ने एक उदाहरण के रूप में किया था। उन्होंने कल्पना की थी कि यदि किसी अर्थव्यवस्था में लोग खर्च नहीं कर रहे हों और बाजार ठहर गया हो, तो मानो हेलीकॉप्टर से पैसे गिरा दिए जाएँ ताकि लोग उन्हें उठाकर खर्च करें और आर्थिक गतिविधि फिर से शुरू हो जाए। यह वास्तविक हेलीकॉप्टर से पैसे गिराने की योजना नहीं थी, बल्कि एक आर्थिक रूपक था।

इस विचार का मूल उद्देश्य यह है कि जब अर्थव्यवस्था में मांग बहुत कम हो जाती है, उद्योग बंद होने लगते हैं, लोग बेरोजगार हो जाते हैं और बाजार में पैसा घूमना बंद हो जाता है, तब सरकार सीधे लोगों के हाथ में पैसा पहुँचाकर खर्च बढ़ाने का प्रयास करे। जब लोग खर्च करेंगे, तो दुकानों की बिक्री बढ़ेगी, उद्योग उत्पादन बढ़ाएँगे, मजदूरों को काम मिलेगा और धीरे-धीरे अर्थव्यवस्था फिर सक्रिय हो जाएगी।

सामान्य परिस्थितियों में केंद्रीय बैंक ब्याज दरें कम करके या बैंकों को अधिक ऋण देकर अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहित करने की कोशिश करते हैं। लेकिन कभी-कभी स्थिति इतनी खराब हो जाती है कि लोग और कंपनियाँ ऋण लेने से भी डरने लगती हैं। ऐसी स्थिति में केवल बैंकिंग

प्रणाली के माध्यम से पैसा देना पर्याप्त नहीं होता। तब Helicopter Money जैसी अवधारणाओं पर चर्चा होती है, जिसमें पैसा सीधे जनता तक पहुँचाया जाता है।

हालाँकि Helicopter Money के कई लाभ बताए जाते हैं, लेकिन इसके साथ गंभीर जोखिम भी जुड़े हैं। यदि सरकार बहुत अधिक मात्रा में पैसा बाजार में डाल दे और उत्पादन उतना न बढ़े, तो महँगाई (Inflation) तेजी से बढ़ सकती है। जब बाजार में वस्तुओं की तुलना में पैसा अधिक हो जाता है, तो वस्तुओं की कीमतें बढ़ने लगती हैं। अत्यधिक स्थिति में यह मुद्रा के मूल्य को कमजोर कर सकता है और आर्थिक अस्थिरता पैदा कर सकता है।

Helicopter Money को लेकर सबसे बड़ा विवाद यही है कि यह अस्थायी राहत है या दीर्घकालिक समाधान। समर्थकों के अनुसार यह आर्थिक संकट के समय बाजार को बचाने का प्रभावी तरीका हो सकता है, जबकि आलोचकों के अनुसार अत्यधिक मुद्रा आपूर्ति भविष्य में बड़े आर्थिक संकट और महँगाई को जन्म दे सकती है।

"Helicopter Money is the idea of creating new money and distributing it directly to the public to stimulate demand during severe economic downturns."

— Inspired by Milton Friedman (1969)

"Helicopter money is a permanent increase in the money stock distributed directly to the private sector without creating corresponding debt."

— **Willem H. Buiter**

अध्याय– 12

रुपया की मांग

भारतीय रिज़र्व बैंक

RESERVE BANK OF INDIA

www.rbi.org.in

CO.DCM(ADM) No. S3201/06.08.05/2024-25 January 29, 2025

सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत आवेदन पत्र

Application under the Right to Information Act, 2005

पंजीकरण संख्या Registration number	:	**RBIND/R/E/25/00113**
आवेदक का नाम Applicant's Name	:	**Shri Appun Kumar**
आरटीआई पोर्टल पर आवेदन की पंजीकरण तिथि Date of registration of application on RTI portal	:	**January 05, 2025**
उत्तर की तारीख Date of reply	:	**January 29, 2025**

Sr. No.	Query	Reply
	I, Appun Kumar, Village - Nautan, Post - Jamo Bazar, District -Siwan, Pincode - 841413, had sent an application on 21-12-2024 to Shri Vivek Deep, Executive Director, Reserve Bank of India, 17th Floor, Central Office Building, Shahid Bhagat Singh Marg, Mumbai - 400001. The speed post tracking number of this letter is EF576358794IN, which was received at the above address on 26-12-2024. Its detailed description is given in the Supporing document in PDF format. Please inform me about the current status of the application sent by me. I will be grateful to you for your help. please give me answer in hindi	Reply to your letter dated December 21, 2024 has been given vide our letter DCM (Plg) No. S-2913/10.02.00/2024-25 dated January 03, 2025. Copy of the above letter enclosed. आपके द्वारा भेजे गए दिनांक 21 दिसंबर 2024 के पत्र का जवाब दिनांक 03 जनवरी 2025 के हमारे पत्र DCM (Plg) No. S-2913/10.02.00/2024-25 द्वारा दिया गया है। उपर्युक्त पत्र की प्रति संलग्न की गयी है।

भवदीय / Yours faithfully,

(संजीव प्रकाश/Sanjeev Prakash)

केंद्रीय लोक सूचना अधिकारी / Central Public Information Officer

मुद्रा प्रबंध विभाग, केंद्रीय कार्यालय, अमर भवन, चौथी मंजिल, सर पी. एम. रोड, मुंबई - 400 001

दूरभाष: 91-22-2260 4401 ईमेल आईडी: dcmrie@rbi.org.in

Department of Currency Management, Central Office, Amar Building, 4th Floor, Sir P.M.Road, Mumbai 400 001

Tel No: 91-22-2260 4401 Email ID : dcmrie@rbi.org.in

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in

DCM (Plg) No.S-2913/10.02.00/2024-25

03 जनवरी 2025

श्री अप्पुन कुमार
ग्राम- नौतन, पोस्ट- जामो बाजार
जिला- सिवान, वार्ड- 01
पिन कोड- 841413
मो नं- 09294920698

महोदय,

अपना वास्तविक धन लेने हेतु आवेदन पत्र

कृपया उपर्युक्त विषय पर आपके दिनांक 21 दिसंबर 2024 के पत्र का संदर्भ लें।

2. इस संदर्भ में सुचित किया जाता है की, भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी बैंकनोट भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 के प्रावधानों के अंतर्गत जारी किए जाते है ।

यह अधिनियम हमारी वेबसाइट www.rbi.org.in पर प्रकाशन सामयिक प्रकाशन के अंतर्गत निम्नलिखित लिंक पर उपलब्ध है।

https://www.rbi.org.in/hindi/Scripts/PublicationRBIAct.aspx

3. इसके अतिरिक्त, आपके द्वारा भेजा गया ₹10 का बैंकनोट (सीरियल नं -87V 468076) वापस किया जा रहा है।

o/c

भवदीया,
शरयू
(शरयू हेड़ाऊ)
प्रबंधक

मुद्रा प्रबंध विभाग, केन्द्रीय कार्यालय, चौथी मंज़िल, अमर बिल्डिंग, सर पी. एम. मार्ग, पोस्ट बॉक्स सं. 1379, मुंबई-400001(भारत)
फोन: +91-22-2260 3000 / 4000; फैक्स +91-22-2266 2442; ई मेल: cgmincdcm@rbi.org.in
Department of Currency Management, Central Office, 4th Floor, Amar Building, Sir P. M. Road, Post Box No.1379, Mumbai – 400 001(India); Tel: +91-22-2260 3000 / 4000; Fax: +91-22-2266 2442; E-mail: cgmincdcm@rbi.org.in

हिन्दी आसान है इसका प्रयोग बढ़ाइए

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in

CO.DCM(ADM) No. S3809/06.08.05/2024-25 March 24, 2025

सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत आवेदन पत्र
Application under the Right to information Act, 2005

पंजीकरण संख्या Registration number	:	**RBIND/R/E/25/01341**
आवेदक का नाम Applicant's Name	:	**Shri Appun Kumar**
आरटीआई पोर्टल पर आवेदन की पंजीकरण तिथि Date of registration of application on RTI portal	:	**February 25, 2025**
उत्तर की तारीख Date of reply	:	**March 24, 2025**

Sr. No.	Query	Reply
	Appun Kumar, a resident of Village - Nautan, Post - Jamo Bazar, District - Siwan, Pincode - 841413, on 20-01-2025 sent a 4-page application to the office of the Department of Currency Management, Reserve Bank of India, Reserve Bank of India, 17th Floor, Central Office Building, Shahid Bhagat Singh Marg, Mumbai- 400001, the subject of which was: - Regarding the reply provided by the Department of Currency Management. Which has been received in the said office on 27-01-2025. Therefore, it is necessary to know what action was taken on it after receiving the above letter, to which officers of the department it was brought to the notice, and what is its current status? Its detailed description is given in the supporting document in PDF format. Please inform me about the current status of the application sent by me. I will be grateful to you for your help. Please answer me in Hindi	Reply to your letter dated January 20, 2025 has been given vide our letter DCM (Plg) No. S-3627/10.02.00/2024-25 dated March 05, 2025. Copy of our reply is enclosed.
	सविनय निवेदन यह हैं की अप्पुन कुमार जो की ग्राम - नौतन, पोस्ट - जामो बाजार, जिला - सिवान, पिनकोड - 841413 का निवासी है के द्वरा दिनांक 21-12-	आपके दिनांक 20 जनवरी 2025 के पत्र का उत्तर हमारे दिनांक 05 मार्च 2025 के पत्र DCM (Plg) No. S-

मुद्रा प्रबंध विभाग, केंद्रीय कार्यालय, अमर भवन, चौथी मंजिल, सर पी. एम. रोड, मुंबई - 400 001
दूरभाष: 91-22-2260 4401 ईमेल आईडी: dcmria@rbi.org.in

Department of Currency Management, Central Office, Amar Building, 4th Floor, Sir P.M.Road, Mumbai 400 001
Tel No: 91-22-2260 4401 Email ID : dcmria@rbi.org.in

मुद्रा वि. के. का. मुंबई DCM, C.O. Mumbai Reserve Bank of India

2024 को भारतीय रिजर्व बैंक के भारतीय रिजर्व बैंक, 17वीं मंजिल, केंद्रीय कार्यालय भवन, शहीद भगत सिंह मार्ग, मुंबई-400001 में स्थित मुद्रा प्रबंध विभाग के कार्यालय में 5 पृष्ठों का एक आवेदन पत्र प्रेषित किया था, जिसका विषय था "अपना वास्तविक धन प्राप्ति हेतु आवेदन पत्र"। तथा उक्त कार्यालय द्वारा उक्त आवेदन के संदर्भ में रजिस्टर्ड पोस्ट के माध्यम से उत्तर प्रेषित किया गया, जिसका ट्रैकिंग नंबर RM134251500IN है। तथा यह पत्र अप्पुन कुमार को दिनांक 10-01-2025 को प्राप्त हुआ। जिस उत्तर के संदर्भ में स्पष्टीकरण हेतु निवेदक अप्पुन कुमार द्वारा दिनांक 20-01-2025 को पुनः एक पत्र स्पीड पोस्ट जिसका ट्रैकिंग नंबर EF576361135IN हैं के माध्यम से भारतीय रिजर्व बैंक के भारतीय रिजर्व बैंक, 17वीं मंजिल, केंद्रीय कार्यालय भवन, शहीद भगत सिंह मार्ग, मुंबई-400001 में स्थित मुद्रा प्रबंध विभाग के कार्यालय में 4 पृष्ठों का एक आवेदन पत्र प्रेषित किया जिसका विषय था मुद्रा प्रबंध विभाग द्वारा प्रदान किये गए उत्तर के संबंध में। जो की दिनांक 27-01-2025 को उक्त कार्यालय में प्राप्त हुआ। अब तक निवेदक अप्पुन कुमार को इस पत्र के संबंध में कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई है। अतः यह जानना आवश्यक है कि उपर्युक्त पत्र प्राप्त होने के उपरांत इस पर क्या कार्यवाही की गई, इसे विभाग के किन-किन अधिकारियों के संज्ञान में लाया गया, एवं वर्तमान में इसकी क्या स्थिति है?	3627/10.02.00/2024-25 के द्वारा दिया गया है। हमारे उपरोक्त पत्र की प्रतिलिपि संलग्न की गयी है।

भवदीय / Yours faithfully,

संजीव प्रकाश

(संजीव प्रकाश/Sanjeev Prakash)

केंद्रीय लोक सूचना अधिकारी / Central Public Information Officer

For your information, the First Appellate Authority in Reserve Bank of India is Shri Aviral Jain, Executive Director, Reserve Bank of India, Central Office, Amar Building, Sir P. M. Road, Mumbai - 400 001. Appeal, if any, in respect of the above reply, should be preferred within 30 days to the Appellate Authority.

हम सूचित करते हैं कि भारतीय रिज़र्व बैंक में प्रथम अपीलीय प्राधिकारी श्री अविरल जैन, कार्यपालक निदेशक, भारतीय रिज़र्व बैंक, केंद्रीय कार्यालय, अमर भवन, चौथी मंजिल, सर पी. एम. रोड, मुंबई - 400001 हैं । इस उत्तर के संबंध में आप यदि कोई अपील करना चाहें तो उसे इस पत्र की प्राप्ति के 30 दिनों के भीतर प्रथम अपीलीय प्राधिकारी को भेज सकते हैं।

भारतीय रिज़र्व बैंक मु.प्र.वि. के.का. मुंबई DCM C.O. Mumbai Reserve Bank of India

	2024 को भारतीय रिजर्व बैंक के भारतीय रिजर्व बैंक, 17वीं मंजिल, केंद्रीय कार्यालय भवन, शहीद भगत सिंह मार्ग, मुंबई-400001 में स्थित मुद्रा प्रबंध विभाग के कार्यालय में 5 पृष्ठों का एक आवेदन पत्र प्रेषित किया था, जिसका विषय था "अपना वास्तविक धन प्राप्ति हेतु आवेदन पत्र"। तथा उक्त कार्यालय द्वारा उक्त आवेदन के संदर्भ में रजिस्टर्ड पोस्ट के माध्यम से उत्तर प्रेषित किया गया, जिसका ट्रैकिंग नंबर RM134251500IN है। तथा यह पत्र अप्पुन कुमार को दिनांक 10-01-2025 को प्राप्त हुआ। जिस उत्तर के संदर्भ में स्पष्टीकरण हेतु निवेदक अप्पुन कुमार द्वारा दिनांक 20-01-2025 को पुनः एक पत्र स्पीड पोस्ट जिसका ट्रैकिंग नंबर EF576361135IN हैं के माध्यम से भारतीय रिजर्व बैंक के भारतीय रिजर्व बैंक, 17वीं मंजिल, केंद्रीय कार्यालय भवन, शहीद भगत सिंह मार्ग, मुंबई-400001 में स्थित मुद्रा प्रबंध विभाग के कार्यालय में 4 पृष्ठों का एक आवेदन पत्र प्रेषित किया जिसका विषय था मुद्रा प्रबंध विभाग द्वारा प्रदान किये गए उत्तर के संबंध में। जो की दिनांक 27-01-2025 को उक्त कार्यालय में प्राप्त हुआ। अब तक निवेदक अप्पुन कुमार को इस पत्र के संबंध में कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई है। अतः यह जानना आवश्यक है कि उपर्युक्त पत्र प्राप्त होने के उपरांत इस पर क्या कार्यवाही की गई, इसे विभाग के किन-किन अधिकारियों के संज्ञान में लाया गया, एवं वर्तमान में इसकी क्या स्थिति है?	3627/10.02.00/2024-25 के द्वारा दिया गया है। हमारे उपरोक्त पत्र की प्रतिलिपि संलग्न की गयी है।

भवदीय / Yours faithfully,

संजीव प्रकाश

(संजीव प्रकाश/Sanjeev Prakash)

केंद्रीय लोक सूचना अधिकारी / Central Public Information Officer

For your information, the First Appellate Authority in Reserve Bank of India is Shri Aviral Jain, Executive Director, Reserve Bank of India, Central Office, Amar Building, Sir P. M. Road, Mumbai - 400 001. Appeal, if any, in respect of the above reply, should be preferred within 30 days to the Appellate Authority.

हम सूचित करते हैं कि भारतीय रिज़र्व बैंक में प्रथम अपीलीय प्राधिकारी श्री अविरल जैन, कार्यपालक निदेशक, भारतीय रिज़र्व बैंक, केंद्रीय कार्यालय, अमर भवन, चौथी मंजिल, सर पी. एम. रोड, मुंबई - 400001 हैं । इस उत्तर के संबंध में आप यदि कोई अपील करना चाहें तो उसे इस पत्र की प्राप्ति के 30 दिनों के भीतर प्रथम अपीलीय प्राधिकारी को भेज सकते हैं।

दिनांक **– 21-04-2025**

सेवा में,

श्रीमान मुद्रा प्रबंधक विभाग
भारतीय रिजर्व बैंक **17** मंजिल केंद्रीय कार्यालय भवन,
शाहिद भगत सिंह मार्ग, मुंबई **400001**

प्रेक्षक :**–** अपुन कुमार,स्थाई पता :**–** ग्राम **–** नौतन, थाना **+**पोस्ट **–** जानो बाजार, जिला **–** सीवान, पिन कोड **– 841413**

विषय: बैंक नोट पर अंकित वचन खंड के आधार पर वास्तविक मुद्रा (रुपया) प्रदान करने हेतु

माननीय महोदय,
सविनय निवेदन है कि मेरा नाम अपुन कुमार है तथा मैं भारत देश का निवासी और छात्र हूं। मैं अपने दैनिक लेन-देन में भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी किए गए बैंक नोटों का उपयोग करता हूं। इन बैंक नोटों पर भारतीय रिज़र्व बैंक के गर्वनर के हस्ताक्षर होते हैं तथा ये भारत सरकार द्वारा प्रत्याभूत होते हैं, जैसा कि बैंक नोटों पर स्पष्ट रूप से अंकित रहता है। साथ ही, इन नोटों पर यह भी लिखा होता है कि – **"**मैं धारक को **₹ …** रुपया अदा करने का वचन देता हूं।**"**

माननीय महोदय, मेरे पास **₹ 10** रुपया अंकित राशि का एक बैंक नोट है, जिसकी क्रमांक संख्या **38M 972937** है। मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि कृपया इस बैंक नोट के एवज में मुझे मेरा वास्तविक रुपया प्रदान किया जाए, जैसा कि उस बैंक नोट पर अंकित वचन में उल्लेख है। की **"**मैं धारक को **₹ 10** रुपया अदा करने का वचन देता हूं।**"**

अध्ययन के आधार पर यह स्पष्ट होता है कि भारत की आधिकारिक मुद्रा “रुपया” है, जो भारत सरकार द्वारा जारी की जाती है। इसके बदले में भारतीय रिज़र्व बैंक बैंक नोट जारी करता है, जो धारक को देय माने जाते हैं।

माननीय महोदय, मैं आपसे निवेदन करता हूं कि कृपया मुझे मेरे **₹10** रुपया अंकित राशि वाले बैंक नोट के बदले वास्तविक रुपया प्रदान करें।

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in

DCM (Plg) No.S- 389/10.02.00/2024-25

02 मई 2025

श्री अप्पुन कुमार
ग्राम- नौतन, पोस्ट- जामो बाजार
जिला- सिवान, वार्ड- 01
पिन कोड- 841413
मो नं- 09294920698

महोदय,

बैंक नोट पर अंकित वचन खंड के आधार पर वास्तविक मुद्रा (रुपया) प्रदान करने हेतु

कृपया उपर्युक्त विषय पर आपके दिनांक 21 अप्रैल 2025 के पत्र का संदर्भ लें।

2. वर्तमान में भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 और सिक्का अधिनियम, 2011 के अंतर्गत बैंक नोटों और सिक्कों को जारी किया जाता है। इन अधिनियमों के प्रावधान रुपये/सिक्के के किसी मानक मूल्य का उल्लेख नहीं करते हैं। कागजी मुद्रा और सिक्कों से संबंधित पूर्ववर्ती वैधानिक प्रावधानों को निरस्त कर दिया गया है।

3. इसके अलावा, भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 26 के अनुसार, प्रत्येक बैंक नोट भारत में किसी भी स्थान पर उसमें व्यक्त राशि के भुगतान या खाते में कानूनी निविदा होगा और केंद्र सरकार द्वारा इसकी गारंटी दी जाएगी।

